हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 19 सितंबर 2026

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

तापमान

अधिकतम 33.9 डिग्री

न्यूनतम 25.2 डिग्री

महाराणा प्रताप चौक स्थित ओवरब्रिज के नीचे जाली तोड़कर सौंदर्यीकरण नष्ट किया गया।

फिर साजिश: आज से बंद हो जाएगी कोलकाता की फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यात्रियों की कमी बताकर एयरलाइन्स कंपनी ने एक बार फिर बिलासपुर वासियों के साथ छल किया है। बिलासपुर से कोलकाता की फ्लाइट बंद कर दी गई है। सितंबर और अक्टूबर माह के लिए एयरलाइंस की साइट पर बुकिंग बंद है।

दरअसल अप्रैल से बिलासपुर और कोलकाता के बीच चलने वाली 3 दिवसीय फ्लाइट का समय बदल दिया गया, गुरूवार व शनिवार को दो दिनों की फ्लाइट शुरू की गई, साथ ही इसे व्हाया अंबिकापुर कर फ्लाइट का परिचालन किया जा रहा है। ऐसे में यात्रियों को जबरिया 4 घंटे की अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ रही थी, यही कारण है कि महज 4 माह में ही यात्रियों की संख्या आधे से कम रह गई। पहले सुबह की सीधी फ्लाइट कोलकाता जाती रही है, जिसके कारण यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा था। लेकिन एयरलाइन्स कंपनी और राज्य सरकार ने देश के चारों महानगरों से बिलासपुर को जोड़ने के बजाय बिलासपुर-कोलकाता फ्लाइट को ही बंद कर दिया है। शनिवार से इसकी बुकिंग बंद कर दी गई है।

- व्हाया अंबिकापुर चल रही थी फ्लाइट
- यात्रियों की कमी के चलते किया गया बंद

संघर्ष समिति ने बताया साजिश

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि साजिश के तहत बिलासपुर- कोलकाता फ्लाइट बंद किया गया है। समिति ने राज्य विमानन विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मामले दखल देने की मांग की है। दिसंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच 33 उड़ानों में 1335 यात्री कोलकाता के लिए बिलासपुर से उड़ान भर चुके हैं।

3 हजार की टिकट 9 हजार में बिक रही

राज्य शासन की प्रस्ताव पर कोलकाता फ्लाइट को वाया अंबिकापुर चलाया गया। इसके समय में भी बदलाव कर दिया गया है। फ्लाइट का समय सुबह से बदलकर दोपहर करने के कारण यात्रियों का रूझान कम हो चुका है। इससे सीधी फ्लाइट को व्हाया अंबिकापुर कर 4 घंटे की फ्लाइट बोरिंग फ्लाइट में बदल दिया गया। खास बात यह है कि जहां 3 हजार में लोगों को बिलासपुर-कोलकाता की फ्लाइट मिल रही थी, उसका किराया भी 9 हजार रूपए कर दिया गया है।

एयरलाइन्स कंपनी की मनमानी

बिलासा एयरपोर्ट से केन्द्र सरकार के अधीन अलायंस एयर को ही फ्लाइट के परिचालन का आदेश मिला है, निजी कंपनियों को लाने के लिए राज्य सरकार ने अब तक कोई कवायद नहीं की है। यही कारण है कि अलायंस एयर फ्लाइट के परिचालन पर मनमानी करती रही है। गौरतलब है कि बिलासपुर-भोपाल और बिलासपुर-इंदौर की फ्लाइट भी पर्याप्त यात्री रहने के बाद अचानक बंद की गई थी। इसके साथ ही बिलासपुर से जबलपुर मार्ग पर फ्लाइट पूरी तरह बंद कर दी गई। बिलासपुर -प्रयागराज में अत्यधिक यात्री रहने के बाद भी उसे घटाकर सप्ताह में एक दिन कर दिया गया।

8 महीनों के फ्लाइट और यात्रियों की संख्या

माह	माह भर फ्लाइट	यात्री
जनवरी	9	337
फरवरी	8	349
मार्च	8	310
अप्रेल	8	340
मई	9	204
जून	7	119
जुलाई	9	131
अगस्त	8	117

ऐसे घटी यात्रियों की संख्या : अप्रैल 2026 से अगस्त 2026 के चार महीनों में 33 ही उड़ानों में केवल 571 यात्री कोलकाता गए। अंबिकापुर से फ्लाइट के लिए यात्री नहीं मिल सके। जहां दिसंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच 33 उड़ानों में 1335 यात्री कोलकाता के लिए बिलासपुर से उड़ान भर चुके हैं। यात्रियों की संख्या 1335 से 764 यात्री घटकर 571 पर रह गई। यात्रियों की संख्या घटने की बात कहते हुए राज्य शासन विमान निदेशालय ने एलाइंस एयर को बिलासपुर कोलकाता फ्लाइट बंद करने के निर्देश दिए हैं।

खबर संक्षेप

क्रिया योग ध्यान दीक्षा शिविर आज से

बिलासपुर। क्रिया योग परिवार का वार्षिक शिविर तिलक नगर सामुदायिक भवन में 19 सितंबर से प्रारंभ होकर 21 सितंबर को संपन्न होगा । शिविर का उद्देश्य नए लोगों को इस ध्यान पद्धति से जोड़ना तथा पुराने क्रियावानों को पुनः सजगता एवं सक्रियता प्रदान करना है। क्रिया योग ध्यान एवं प्राचीन तकनीक है। वर्तमान में इस परंपरा की ध्वजा को परमहंस प्रज्ञानानंद गिरी महाराज ने संभाल रखा है। बिलासपुर में दीक्षा समारोह रविवार 20 सितंबर को प्रातः 8 बजे से आरंभ होगा। शिविर को संचालित करने स्वामी कृष्णा प्रेमानंद गिरि एवं स्वामी ध्याननिष्ठा नंद गिरी महाराज आ रहे हैं।

अशांति फैलाने वाले 9 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर। चकरभाठा पुलिस ने क्षेत्र में अड्डेबाजी कर अशांति फैलाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा मामले में 9 आरोपियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। जिसमें वार्ड नंबर 1 बोदरी निवासी जीत वर्मा पिता राजेन्द्र वर्मा उम्र 28 सालa, वार्ड 11 विकास नगर निवासी पप्पू उर्फ गुलशन पाण्डेय पिता राजू पाण्डेय उम्र 24 साल, वार्ड नं 1 बोदरी निवासी समीर दास मानिकपुरी पिता रामदास मानिकपुरी उम्र 20 साल, वार्ड 2 शासकीय स्कूल निवासी प्रियांशु वर्मा पिता सतीश वर्मा उम्र 21 साल, बोदरी निवासी हर्षवर्धन उर्फ मोन्टू वर्मा पिता हेमन्त वर्मा, आयुष्मान वर्मा पिता विनोद वर्मा उम्र 21 साल, ग्राम सेंवार निवासी रमेश उर्फ पाण्डो मेरसा पिता राम अंजोर मेरसा उम्र 22 साल, करन सोनवानी पिता कन्हैया सोनवानी उम्र 23 साल,राम नगर हिर्री माइंस निवासी शत्रुहन निषाद पिता मैया राम निषाद उम्र 34 साल को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया है।

कंपनी का डीलर बन नकली माल बेचने लगा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देश की नामी कंपनियों हिंदूस्तान यूनिलीवर कंपनी का डीलर बनकर नकली सामान बेचने का मामला सामने आया है। कंपनी की शिकायत पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने महादेव ट्रेडर्स में छापा मारा और ब्रूक बॉन्ड ताज़ा चायपत्ती के 23 पैकेट नकली पाए गए। इसके साथ ही सर्फ एक्सेल और इनो जैसे किराना सामानों को भी जब्त किया गया है। खाद्य एवं औषधी विभाग के अधिकारियों ने चायपत्ती के सैंपल जांच के लिए भेज दिया है। साथ ही दुकानदार को कंपनी के प्रोडक्ट से संबंधी बिल जमा करने का आदेश दिया गया है।

मामला बिलासपुर के महादेव ट्रेडर्स का है, जहां हिंदुस्तान यूनिलीवर के अलग-अलग उत्पादों की डुप्लीकेट बिक्री की शिकायत कंपनी की ओर से की गई थी। शिकायत के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ दुकान में जांच की। इस दौरान ब्रुक ब्रान्ड ताज़ा चायपत्ती के 250 ग्राम वाले 23 पैकेट संदिग्ध पाए गए। कंपनी के प्रतिनिधियों ने लिखित रूप से इसे डुप्लीकेट उत्पाद बताया है। इसके बाद विभाग ने चायपत्ती को नियमानुसार जब्त कर उसका सैंपल जांच के लिए भेज दिया है। वहीं दुकान से सर्फ एक्सेल की करीब 12 से 13 बोरियां और इनो के 4 से 5 पैकेट भी जब्त किए गए हैं। विभाग के मुताबिक सर्फ एक्सेल और इनो को कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा जब्त किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि नकली और असली उत्पाद को सिर्फ देखकर पहचान लगाना मुश्किल है। ऐसे मामलों में कंपनी के प्रतिनिधियों की तकनीकी मदद भी ली जाती है।

फूड विभाग ने की कार्रवाई

दुकान में नहीं था ओरिजनल बिल

जांच के दौरान जब्त किए गए संदिग्ध सामान का दुकानदार फिलहाल बिल प्रस्तुत नहीं कर पाया है। विभाग ने संबंधित उत्पादों के बिल विभाग में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है। बिल नहीं मिलने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह भी स्पष्ट नहीं है कि संदिग्ध सामान की सप्लाई छत्तीसगढ़ के भीतर से हुई है या दूसरे राज्य से।

मिली थी शिकायत

कंपनी द्वारा शिकायत प्राप्त हुई थी, विभाग ने संदिग्ध उत्पादों को जब्त कर जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब जांच रिपोर्ट और सप्लाई से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **आरआर देवांगन,** अभिहित अधिकारी, फूड एंड ड्रग विभाग

खेत में काम करने जा रहे किसान पर चार भालुओं ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मरवाही वन मंडल के सिलपहरी गांव में खेत की ओर जा रहे एक किसान पर अचानक चार जंगली भालुओं ने हमला कर दिया, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 की मदद से उसे तत्काल उपचार के लिए हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की सुबह सिलपहरी निवासी कमलेश तंवर काम करने के लिए अपने खेत की ओर जा रहा था। अचानक उसके सामने आकर चार भालुओं ने हमला कर दिया। भालुओं के हमले से कमलेश के सिर, पीठ और दाएं हाथ में गंभीर चोट पहुंची। घायल अवस्था में वह किसी तरह अपने गांव की ओर पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पूछताछ में कमलेश तंवर ने बताया कि वह सुबह पांच बजे घर से खेत जा रहा था। अचानक रास्ते में उसका सामना चार जंगली भालुओं से हो गया। वह कुछ समझ पाता, इससे पहले एक भालू ने उसपर हमला कर दिया। उसके सिर, पीठ और दाएं हाथ में गंभीर चोट आई है। कमलेश भालुओं से बचाकर किसी तरह से गांव की ओर भागकर आ गया। गांव पहुंचने पर कमलेश की हालत देखकर स्थानीय निवासी नरेन्द्र ठाकुर ने तत्काल एंबुलेंस से सिलपहरी हास्पिटल पहुंचाया। मरवाही वन मंडल की टीम ने पूछताछ करने के बाद गांव में अलर्ट करने के साथ मुनादी कराते हुए अकेले बाहर नहीं निकलने की सलाह देना शुरु कर दिया है। घायल कमलेश के उपचार का भी पूरा खर्च उठाने के साथ मुआवजे की तैयारी की जा रही है।

बिजली बिल बकायादारों पर कार्रवाई, 102 कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली बिल के बकायादार उपभोक्ताओं पर अब विद्युत विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। बिल्हा वितरण केंद्र में शुक्रवार से चलाए गए वसूली अभियान के दौरान 102 उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई।

इनमें 25 उपभोक्ताओं ने मौके पर 9.50 लाख रुपए बकाया बिल जमा किया, जिसके बाद विभाग ने बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है। वहीं बिल जमा नहीं करने वाले 71 उपभोक्ताओं की लाइन काट दी गई। अभियान के तहत अब मस्तुरी, कोटा, बिल्हा और बेलतरा क्षेत्र में भी कार्रवाई की जा रही है।

अधीक्षण यंत्री एस के जांगड़े ने बताया कि बिल्हा वितरण केंद्र में बकाया वसूली के लिए शुक्रवार से अभियान शुरु कर दिया गया है। 102 उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई। कार्रवाई के दौरान 25 उपभोक्ताओं ने 9 लाख 50 हजार रुपए भुगतान किया इसके बाद इनकी लाइन जोड़ दी गई। बिल जमा नहीं करने वाले 71 लोगों की बिजली काट दी गई है। पिछले दिनों 6 उपभोक्ताओं के घर में पुराना बकाया होने पर लाइन काटी गई थी। इनके द्वारा डायरेक्टर लाइन जोड़ कर बिजली चालू कर लिया गया था। जिनके खिलाफ विद्युत अधिनियम 138 का प्रकरण तैयार कर विशेष न्यायालय में मामले को भेजा जाएगा।

कार्रवाई के दौरान एसई सुरेश जांगड़े और ईई अनुपम सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के एई और जेई की उपस्थित रहे। अधीक्षण यंत्री ने कहा कि मस्तुरी, कोटा, बिल्हा,बेलतरा क्षेत्र में भी जल्द ही कार्रवाई तय की जाएगी।

टूरिस्ट परमिट

ओवरलोड बसों पर विभाग ने की कार्रवाई

बिलासपुर। परिवहन विभाग का उड़नदस्ता सड़कों पर बसों पर नकेल कसने उतर चुका है। पिछले कई दिनों से लगातार कार्रवाई की जारी है। यही कारण है कि अबतक 44 बसों पर कार्रवाई करते हुए 32 हजार से अधिक रूपए का जुर्माना वसूला गया है।

आला अधिकारियों के निर्देशानुसार बसों में अधिक किराया वसूली, अत्यधिक सामान, टूरिस्ट परमिट के दुरुपयोग एवं क्षमता से अधिक यात्री जैसे मामलों को लेकर विशेष जांच अभियान चलाकर गया। उड़न दस्ता की टीम ने बसों की चेकिंग की और अनिमितता पाई। इस दौरान 44 बसों पर शमन शुल्क 32500 रूपए वसूला। साथ ही एक वाहर पर नियमों की अनदेखी करने पर 2 हजार का ई-चालान किया है। परिवहन उड़न दस्ता प्रभारी प्रशांत कुमार शर्मा ने बताया कि अनियमितता पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान अन्य आरटीओ अधिकारी मौजूद रहे।



खबर संक्षेप

दीप प्रज्वलित कर लोहाणा समाज ने मनाया मोदी का जन्मोत्सव

बिलासपुर। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर लोहाणा समाज ने 1000 दीप प्रज्वलित कर जन्मोत्सव मनाया। श्री मोदी के जन्मदिवस समाज द्वारा शहर के विभिन्न एवं मुख्य चौराहों पर दीप प्रज्वलित कर सेवा संकल्प अभियान की सराहना की। इस दौरान समाज के सदस्यों ने एक साथ दीप प्रज्वलित कर देश की सुख-समृद्धि एवं प्रधानमंत्री के दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस सफल आयोजन में श्री लोहाणा समाज के अध्यक्ष ललित भाई पुजारा, पंकज भाई ठक्कर, कुणाल भाई ठक्कर, मेहुल भाई कक्कड़, किशोर भाई कक्कड़, नरेंद्र भाई चंदाराणा, भरत भाई कक्कड़, शिवा भाई कानाबार, कपिल भाई सचदेव, हिमांशु भाई नथवाणी एवं वरुण भाई खंडेरिया आदि मौजूद थे।

इंदौर से निकली अभियान यात्रा पहुंची शहर, जगह-जगह हुआ स्वागत

बिलासपुर। एक श्रेष्ठ, नैतिक और व्यसनमुक्त समाज की स्थापना के महान संकल्प के साथ इंदौर से शुरू हुई राष्ट्रीय अभियान यात्रा शुक्रवार को न्यायधानी बिलासपुर पहुंची। राजयोग भवन में इस यात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थी। सेवा केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी स्वाति दीदी ने बताया कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान यात्रा 6 सितंबर से प्रारंभ होकर अनवरत 18 सितंबर तक संचालित की गई। यात्रा का उद्देश्य रशासन, देश और समाज में नैतिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करना रहा। इस मौके पर कमल भाई, संतोषी दीदी भी उपस्थित थीं। राजयोग भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं भ्राता पूर्व जस्टिस बीडी राठी ने बताया कि यह यात्रा मध्यप्रदेश के इंदौर शहर से शुरू हुई और खरगोन, धामनोद, ठीकरी, झाबुआ, पेटलावद, रतलाम, भीलवाड़ा, भोपाल, सागर, कटनी, उमरिया, शहडोल होते हुए बिलासपुर में प्रवेश कर रही है। पूरे मार्ग में इस यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत किया गया और लाखों लोगों ने समाज सुधार के इस महाअभियान से जुड़ने का संकल्प लिया।

डीएलएस में विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा संकल्प समारोह

बिलासपुर। डीएलएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर संकल्प समारोह नशा मुक्ति जागरूकता एवं युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वस्थ, संस्कारवान, जिम्मेदार एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय की चेयरमैन निशा बसन्त शर्मा, विशेष अतिथि राकेश दीक्षित, डॉ क्षमा त्रिपाठी थीं। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. प्रताप पाण्डेय ने की। कार्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों तथा युवाओं के जीवन, शिक्षा, परिवार एवं समाज पर इसके प्रभावों के संबंध में जागरूकता प्रदान की गई। साथ ही युवाओं से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को शिक्षा कौशल, खेल, रचनात्मक गतिविधियों एवं राष्ट्रसेवा में लगाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि निशा बसन्त शर्मा ने सभी शिक्षकों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को स्वयं को नशे से मुक्त रखने तथा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने का संकल्प भी दिलवाया गया। इस अवसर पर डॉ प्रताप पाण्डेय ने कहा कि युवा शक्ति विकसित भारत की आधारशिला है। नशे से मुक्त युवा ही अपनी प्रतिभाए ऊर्जा और सामर्थ्य का सकारात्मक उपयोग करते हुए राष्ट्र के विकास में प्रभावी योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन शेख आफरीदी ने तथा आभार प्रदर्शन हिमानी तिवारी ने किया। इस अवसर पर डॉ सुनीता द्विवेदी, डॉ मुक्ता कुमारी, डॉ विजय वैष्णव, राजेश सिंह, यदुवीर, तान्या शर्मा, दिया, निधि गुप्ता, आस्था कृष राजगीर, किशन आदि मौजूद थे।

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्यने अकांक्षा को दी पीएचडी

बिलासपुर। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के मानवविज्ञान एवं जनजातीय विकास विभाग की शोधार्थी अकांक्षा दंडेकर को उनके शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने विभाग के प्रोफेसर डॉ. नीलकंठ पाणिग्रही के मार्गदर्शन में फारेस्ट इकोलॉजी, स्टेट इंटरवेनशन एण्ड कल्चरल रेसपांस ए स्टडी एमांग द चौखुटिया भुंजिया ट्राइबल आफ छग विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। शोध में छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के गरियाबंद विकासखंड में निवासरत चौखुटिया भुंजिया जनजाति के वन, आजीविका, संस्कृति और राज्य हस्तक्षेप के बीच संबंधों का अध्ययन किया गया। अकांक्षा स्वर्गीय शिव कुमार दंडेकर एवं चित्ररेखा दंडेकर की पुत्री तथा रोहित गिरी गोस्वामी की पत्नी हैं।

नुक्कड़ नाटक कर दिया गया स्वच्छता का संदेश

बिलासपुर। शुक्रवार को रेलवे स्कूल क्रं. एक और 2 के बच्चों ने स्वच्छता का शपथ लेकर स्वच्छ भारत के निर्माण का संदेश दिया। बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर डोम एरिया में रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंच किया। बच्चों ने प्रभावशाली अभिनय व संवाद के माध्यम से कचरे को स्रोत स्तर पर अलग-अलग डस्टबिन में पृथक करने, उचित निस्तारण एवं स्वच्छ रेल परिसर बनाए रखने का संदेश देने के साथ यात्रियों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं फोर वे सेग्रीगेशन के महत्व से अवगत कराया। स्वच्छ वातावरण से हमारे आसपास रहने वाले लोगों का जीवन अच्छा रहता है।

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में डिजिटल ट्रेड इकोसिस्टम, स्मार्ट कॉमर्स एवं स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

विज्ञान, तकनीक और प्रबंधन से बढ़ेगी भारत के विकास की रफ्तार

बिलासपुर। डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में डिजिटल ट्रेड इकोसिस्टम, स्मार्ट कॉमर्स एंड स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का संयुक्त आयोजन बी-स्मार्ट बाय बिजनेस स्टैंडर्ड, विकसित भारत, आईक्यूएसी, सीआईकीउए तथा डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय व्यापार, स्मार्ट वाणिज्य, रणनीतिक प्रबंधन और बदलते वैश्विक कारोबारी परिदृश्य पर विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया।

सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वी.के. सारस्वत ने कहा कि भारत के विकास की गति के पीछे विज्ञान, टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट की महत्वपूर्ण भूमिका है। विज्ञान शक्ति प्रदान करता है, टेक्नोलॉजी विकास को गति देती है और मैनेजमेंट संसाधनों तथा चुनौतियों के बीच समाधान तलाशने की क्षमता विकसित करता है। इन तीनों के बेहतर समन्वय से भारत तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्वपूर्ण पक्षों को शामिल करने की आवश्यकता है। विशेष रूप से गीता और योग दर्शन विद्यार्थियों को जीवन, कर्म, अनुशासन और आत्मसंयम की व्यापक समझ प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभ्यास और वैराग्य का संतुलित समन्वय सफलता का महत्वपूर्ण सूत्र है। शिक्षकों को भारतीय दर्शन को आधुनिक शिक्षा और प्रबंधन से जोड़ने पर भी विचार करना चाहिए।

भारत की आर्थिक संभावनाओं से जुड़े विषयों पर होगी चर्चा

अंत में डॉ. अंशुल श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन किया। डॉ. निकेत शुक्ला, डॉ. प्रीति शुक्ला, डॉ. विकास तिवारी, प्रियंका जैन सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व प्राध्यापक मौजूद रहे। दो दिवसीय सम्मेलन में विशेषज्ञों, शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के बीच डिजिटल व्यापार व्यवस्था, स्मार्ट कॉमर्स, रणनीतिक प्रबंधन, तकनीकी बदलाव, नवाचार तथा विकसित भारत की आर्थिक संभावनाओं से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नवाचार को बढ़ावा देने का प्रभावी मंच : कुलपति

कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वैश्विक व्यापार और प्रबंधन की नई चुनौतियों को समझने, विचारों के आदान-प्रदान तथा नवाचार को बढ़ावा देने का प्रभावी मंच हैं। ऐसे विमर्शों के निष्कर्षों को विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों से जोड़कर शिक्षा, उद्योग और समाज के विकास में उपयोगी परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि स्मार्ट कॉमर्स और रणनीतिक प्रबंधन आज वैश्विक व्यापार की महत्वपूर्ण आवश्यकताएं हैं। सम्मेलन से प्राप्त विचार और नवाचार विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों को बदलती आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप नई दिशा प्रदान करेंगे। डॉ. अभिषेक पाठक ने सम्मेलन की विषयवस्तु और वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिवेश में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. जाबिर हुसैन ने भी विचार व्यक्त किए ।

सौर ऊर्जा से रोशन हो रहे रेलवे के परिसर, बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण

सौर ऊर्जा से रोशन रेलवे, एक करोड़ बचाए

बिलासपुर मुख्यालय का दफ्तर।

भिलाई स्थित पचास मेगावाट का प्लांट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे के स्टेशनों, सर्विस बिल्डिंग, रनिंग रूम और रेल फाटकों की छतें अब बिजली उत्पादन का जरिया बन रही हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को लगातार बढ़ावा दे रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में रेलवे के विभिन्न स्थानों पर 2263.625 किलोवाट पीक क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित एवं कमीशन किए गए। इससे करीब 1.12 करोड़ रुपए की ऊर्जा बचत हुई, वहीं 3213 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी दर्ज की गई।

- **एक साल में 2263 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट लगाए**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत के लिए रेलवे परिसरों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं। महत्वपूर्ण स्टेशनों के साथ सर्विस बिल्डिंग, रनिंग रूम और रेल फाटकों सहित अन्य उपयुक्त स्थानों को भी इसके लिए उपयोग में लाया जा रहा है। इसके अलावा भिलाई में 50 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट की स्थापना भी सौर ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल है।

चार माह में 1981 किलोवाट क्षमता

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से जुलाई 2026 तक भी सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम हुआ है। इस अवधि में विभिन्न स्थानों पर 1981 किलोवाट पीक क्षमता के सोलर प्लांट कमीशन किए गए। इनसे करीब 59 लाख रुपए की बचत हुई और 1711 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आई।

स्वच्छ ऊर्जा पर जोर

सौर ऊर्जा के उपयोग से रेलवे की बिजली जरूरतों को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने में मदद मिल रही है। साथ ही पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता और ऊर्जा व्यय कम करने में भी सहायता मिल रही है। रेलवे परिसरों की छतों और अन्य उपयुक्त स्थानों पर सोलर प्लांट लगाने से खाली स्थानों का उपयोग बिजली उत्पादन के लिए किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ये प्रयास हरित और पर्यावरण-अनुकूल रेल व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ऊर्जा बचत, कार्बन उत्सर्जन में कमी और नवीकरणीय ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग के जरिए स्वच्छ एवं सतत रेल परिवहन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सत्या नेक्सा में नई बलेनो फेसलिफ्ट लॉन्च

बिजनेस प्लस

बिलासपुर। सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के नेक्सा आटो पार्क बिलासपुर शोरूम में आज नई बलेनो फेसलिफ्ट का भव्य लॉन्च किया गया। लॉन्च कार्यक्रम में एसबीआई के चीफ मैनेजर राजा शिंदे ने नई बलेनो का अनावरण किया।

इस अवसर पर सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के संचालक गौरव खेड़िया सहित ग्राहक एवं शोरूम टीम उपस्थित रही। नई बलेनो फेसलिफ्ट को आधुनिक डिजाइन, बेहतर सुरक्षा और प्रीमियम सुविधाओं के साथ पेश किया गया है। इसके प्रमुख फीचर्स में एडास लेवल-2 वेंटीलेटेड सीट्स, अपग्रेडेड साउंड सिस्टम, वायरलेस चार्जर, बेहतर माइलेज और न्यू कलर आपशनस शामिल हैं। सीएनजी वेरिएंट में भी आटोमेटिक ट्रांसमिशन का विकल्प दिया गया है। नई बलेनो को ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। लॉन्च के दिन ही 12 कारों की बुकिंग हुई, जबकि अब तक करीब 50 कारों की बुकिंग हो चुकी है।

यह ग्राहकों के बीच नई बलेनो के प्रति उत्साह को दर्शाता है। श्री खेड़िया ने कहा कि नई बलेनो आधुनिक तकनीक, बेहतर सुरक्षा और प्रीमियम अनुभव के साथ ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर पेश की गई है। नई बलेनो अब नेक्सा आटो पार्क, सत्या आटो प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर में देखने एवं टेस्ट ड्राइव के लिए उपलब्ध है।

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धांशु का जन्मदिन मनाया

पॉलिटिक्स प्लस

बिलासपुर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा के जन्मदिन पर सुबह से रात तक बधाईयों का तांता लगा रहा। दोपहर 12 बजे से देर रात तक प्रीति भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला, शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने सिद्धांशु मिश्रा को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दीं। सभी सदस्यों ने सिद्धांशु मिश्रा के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने के अपने संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवार के प्रत्येक सदस्य और समर्थकों से मिला यह स्नेह और विश्वास ही मेरी असली ताकत है। हम सब मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे और जनता की आवाज को मजबूती से उठाते रहेंगे। इस अवसर पर महेंद्र गंगोत्री, सियाराम कौशिक, राजेंद्र शुक्ला, रामशरण यादव, राजेश पांडे, राकेश शर्मा, शेख नजरुद्दीन, देवेंद्र सिंह, आशीष गोयल, अशोक राजवाल, स्वप्निल शुक्ला, महेश दुबे, शैलेंद्र बंजारे, समीर अहमद, सीमा घृतेश, पिंकी बत्रा, लक्की यादव, बद्री यादव, शेख दुलारे, स्वर्णा शुक्ला, गौरव ऐरी, अनस खोखर, अभिनव तिवारी, शिवा मिश्रा, सुनील शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव, विनोद साहू, प्रीती पाटनवार, महेश ठाकुर, अखिलेश गुप्ता, राजीव रतन सिंह, फरीद खान, तजमुल हक, संतोष गर्ग, हितेश देवांगन आदि मौजूद थे।

एसईसीएल मुख्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान

बिलासपुर। एसईसीएल मुख्यालय में 18 सितंबर को "स्वच्छता ही सेवा" अभियान 2026 का शुभारंभ स्वच्छता शपथ के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य प्रशासनिक भवन स्थित आगंतुक कक्ष में किया गया।

इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, निदेशक (तकनीकी) संचालन रमेश चंद्र महापात्र तथा निदेशक (तकनीकी) योजना/परियोजना (अति. प्र.) नृपेंद्र नाथ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने, हर वर्ष 100 घंटे यानी प्रत्येक सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने, अपने आसपास एवं कार्यस्थल को साफ-सुथरा रखने तथा स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की शपथ ली। भारत सरकार के निर्देशानुसार एसईसीएल द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान साफ-सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ कार्यस्थल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

एसईसीएल परिवार ने संकल्प लिया कि स्वच्छता के संदेश को व्यापक स्तर तक पहुंचाते हुए इसे दैनिक जीवन एवं कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा और स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाई जाएगी।

केश शिल्प कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष गौरीशंकर का स्वागत

बिलासपुर। आज न्यायधानी बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष(राज्य मंत्री दर्जा) गौरी शंकर श्रीवास का प्रथम आगमन हुआ।

सर्व सेन समाज के संभागीय प्रभारी अमित श्रीवास के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष सर्व सेन समाज आनंद श्रीवास ने अपने पदाधिकारियों एवं सेन समाज के सदस्यों के साथ गौरीशंकर श्रीवास का फूल माला और बुके गमछा के साथ वंदन अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दी। समाज को नई दिशा देने, समाज में सेलून का कार्य कर रहे लोगों के उत्थान की भी बात हुई। आने वाले कुछ दिनों में केश शिल्प कल्याण बोर्ड द्वारा कार्यक्रम करने बैठक में चर्चा हुई । अभिनंदन करने पूर्व उपाध्यक्ष छ.ग केश शिल्प कल्याण बोर्ड चित्रकांत श्रीवास, पार्षद मोपका (नपानि) मोहन श्रीवास, पश्चिम मंडल भाजपा अध्यक्ष रत्नाकर श्रीवास, प्रतिनिधि सभापति जनपद पंचायत तखतपुर अश्वनी श्रीवास, सचिव देव संरक्षक महेश श्रीवास, नारायण श्रीवास, राजेश श्रीवास, सुरेन्द्र सेन आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी आनंद श्रीवास ने दी।

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में जेन ज़ी पोस्ट आफिस शुरू

चिट्ठियों की आत्मीयता से डिजिटल दौर तक डाक की नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चिट्ठियों की आत्मीयता और डिजिटल तकनीक की रफ्तार को एक मंच पर लाते हुए गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय डाक विभाग के जेन जी पोस्ट ऑफिस का शुभारंभ हुआ।

यह पहल युवाओं को आधुनिक डाक सेवाओं, पार्सल एवं लॉजिस्टिक्स, बचत, बीमा और फिलाटेली से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि भारतीय डाक अपनी विश्वसनीयता, जनसेवा और लोगों से आत्मीय जुड़ाव के लिए जाना जाता है। डिजिटल युग में संचार के अनेक माध्यम उपलब्ध होने के बावजूद चिट्ठियों का अपना भावलोक है। पत्र केवल शब्दों का संप्रेषण नहीं, बल्कि भावनाओं और स्मृतियों को सहेजने का माध्यम भी हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से विश्वविद्यालय में पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों के लिए परिसर में ही आधुनिक डाक सेवाओं की सुविधा उपयोगी होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से पार्सल, फिलाटेली, बचत और बीमा सेवाओं की जानकारी लेकर इनका लाभ उठाने का आह्वान किया। छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल प्रणव कुमार ने कहा कि जेन जी पोस्ट ऑफिस बदलती युवा आवश्यकताओं के अनुरूप डाक विभाग की नई कार्यसंस्कृति का परिचायक है। उन्होंने विद्यार्थियों से केंद्र का भ्रमण कर इसकी विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। प्रवर अधीक्षक डाकघर, बिलासपुर डाक संभाग बी. एल. जांगड़े ने स्वागत उद्बोधन एवं आभार व्यक्त किया। मार्केटिंग हेड सुनीता द्विवेदी ने विद्यार्थियों और युवा वर्ग को पार्सल, लॉजिस्टिक्स, बचत, बीमा एवं फिलाटेली सेवाओं से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए।इस पहल को साकार करने में कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल के मार्गदर्शन और कुलसचिव अश्विनी दीक्षित के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।समारोह में सहायक निदेशक राजपाल, डिप्टी सुपरिटेंडेंट डाकघर गुलनाज नसरीन खान, सहायक अधीक्षक गणेश राम देवांगन, सहायक अधीक्षक अरुण तिवारी, उपसंभागीय निरीक्षक बृजनंदन सेन सहित विश्वविद्यालय एवं डाक विभाग के अधिकारी-कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

शिक्षकों की समयबध्द पदोन्नति की मांग

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ ने प्रांताध्यक्ष सुनील कुमार कौशिक के नेतृत्व में गुरुवार 17 सितंबर को सचिव छग स्कूल शिक्षा विभाग से मिलकर शिक्षकों की समय-बध्द पदोन्नति करने की मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

संगठन की ओर से बताया गया है कि छग स्कूली शिक्षा शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग भर्ती नियम 2026 विगत 13 फरवरी को राजपत्र में जारी किया गया है और इस नियम के आधार पर सीधी भर्ती की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है परन्तु पदोन्नति से भर्ती किए जाने की कार्रवाई नहीं की जा रही है इससे वरिष्ठ अनुभवी और सभी आवश्यक अर्हता रखने वाले शिक्षक पदोन्नति के लाभ से वंचित होकर बड़ी संख्या में हर साल सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वर्ष 2012 से सीधी भर्ती में टेट अनिवार्य किया गया है इससे पर्याप्त संख्या में शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रतिभाशाली शिक्षक उपलब्ध हैं। संचालक छ ग लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार जिला एवं संभाग स्तर के पदों पर 15 अगस्त से पूर्व पदोन्नति कर दिया जाना था परन्तु आज तक पदोन्नति आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की है कि प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए अंतिम वरिष्ठता सूची यथाशीघ्र शीघ्र जारी किया जाए। सचिव कमल प्रीत सिंह ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में बहुत जल्द विभागीय बैठक पर चर्चा कर पदोन्नति देने की कार्रवाई शुरू की जाएगी । प्रतिनिधि मंडल में जीतेन्द्र कन्नोजे , अजय कुमार कौशिक, गौकरण वर्मा रायपुर, निरंजन पांडेय बिलासपुर, संतोष कुमार तिवारी.बिलासपुर, अनिल शर्मा, अशोक गुप्ता, बिलासपुर, श्री ताम्रकार, गोपाल प्रसाद ध्रुव बिलासपुर उपस्थित रहे।


फ्रेंड्स गणेश उत्सव समिति तोरवा।

एकता गणेश उत्सव समिति कस्तूरबा नगर।

रामाग्रीन सिटी में डॉ. अजय तावड़कर निवास में विराजे गणेश।

महामाया गणेश उत्सव समिति देहानपारा सरकंडा।

राजेन्द्र नगर गणेश उत्सव समिति।

लंबोदर गणेश उत्सव समिति सरकंडा।

सिंधु सहारा समिति स्मार्ट रोड।

बावली कुंआ गणेश हटरी चौक।

मां काली गणेश पचरीघाट।

मां गणेश समिति टिकरापारा।

बिलासा फाइनेंस सॉल्यूशन लिमिटेड में विराजे गणेश।

बिरकोना में विराजे गणपति।

भरतनाट्यम व कुचिपुड़ी की मनमोहक प्रस्तुति

भारतीय शास्त्रीय कला, संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने और विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से स्पीक मैके के तत्वावधान में आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में दो दिवसीय शास्त्रीय नृत्य समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विद्यालय के सभागार में आयोजित इस सांस्कृतिक समारोह में देश की प्रतिष्ठित शास्त्रीय नृत्यांगनाओं ने क्रमश भरतनाट्यम एवं कुचिपुड़ी की मनोहारी प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय कला की विविधता, गहराई और आध्यात्मिक सौंदर्य से परिचित कराया। प्रस्तुतियों के साथ कलाकारों ने विद्यार्थियों को नृत्य की विभिन्न मुद्राओं, भाव-भंगिमाओं, ताल, लय तथा नाट्यशास्त्र के विविध पक्षों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के प्रथम दिन बेंगलुरु की प्रतिष्ठित भरतनाट्यम कलाकार शिवरंजनी हरीश ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित कलाकार ने अपनी सधी हुई पदचाप, मुद्राओं, भाव-भंगिमाओं और लयबद्ध नृत्य के माध्यम से भरतनाट्यम की शास्त्रीय गरिमा को जीवंत किया। समारोह के दूसरे दिन दिल्ली की प्रतिष्ठित कुचिपुड़ी नृत्यांगना टी रेड्डी लक्ष्मी ने अपनी ऊर्जावान एवं प्रभावशाली प्रस्तुति से सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों और दर्शकों को अभिभूत कर दिया। प्रस्तुति के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को कुचिपुड़ी की तकनीकी विशेषताओं के साथ-साथ इसके सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पक्षों से भी परिचित कराया। उनकी प्रस्तुति में नृत्य की तीव्र गति, सटीक पदसंचालन और प्रभावशाली अभिनय ने विद्यार्थियों में विशेष उत्साह उत्पन्न किया। दोनों दिवसों की प्रस्तुतियों के दौरान कलाकारों ने केवल नृत्य का प्रदर्शन ही नहीं किया, बल्कि विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए विभिन्न मुद्राओं, भावों, ताल एवं नाट्यशास्त्रीय अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कृति, परंपराओं और जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया।

आयोजनों से सांस्कृतिक चेतना व अनुशासन का संचार : अजय

विद्यालय के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि तकनीकी एवं तीव्र गति से बदलते समय में स्पीक मैके जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय कला एवं संस्कृति की समृद्ध परंपरा से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक एवं सैन्य प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, अनुशासन, संवेदनशीलता और अपनी जड़ों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना भी है। आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल इसी समग्र शिक्षा की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन मना उत्तम आर्जव धर्म दिवस

बिलासपुर। जैन धर्म के पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व के तृतीय दिवस उत्तम आर्जव धर्म के दिन पूज्य 105 अकम्पमति माता एवं अचलमति माता के सानिध्य में पूजन, पाठ एवं तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन किया गया।

- पूजन कर किया गया तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन

माताजी ने अपने प्रवचन में गुरु द्रोणाचार्य के गुरुकुल की एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तम आर्जव के दिन हमें माया कषाय का हनन करना चाहिए। अपने जीवन में जब तक क्षमा, मार्दव, आर्जव के भाव नहीं होंगे तब तक हमारे अंतर्मन से मायाचारी कभी नहीं जाएगी। जो उनके मन में है उन भावों को अपने वचनों से बोलिए। अपना वास्तविक चेहरा बदलने का नाम ही कपट और मायाचारी है। इन सब का

त्याग करके ही आर्जव धर्म को पाया जा सकता है। आत्म शुद्धि के इस महापर्व के अवसर पर क्रांति नगर, सरकण्डा, सम्मति विहार मंदिर में दसलक्षण धर्म विधान का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने हिस्सा लेकर धर्म लाभ लिया।

सभी ने किया अभिषेक शांति धारा

पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव पर तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन प्रिया जैन, श्रेया, प्रिया, स्वाति, दिव्या, अतिका, श्रुति, भुवि जैन ने किया। वाचन से पूर्व सभी ने अभिषेक शांति धारा किया। भजन प्रतियोगिता में प्रथम आकृत, द्वितीय संध्या, तृतीय स्थान पर सुप्रीत रही। वहीं देव, शास्त्र, गुरु पर आधारित भजन प्रतियोगिता में प्रथम आकृत जैन, द्वितीय संध्या, तृतीय सुप्रीत एवं विशेष सांत्वना पुरस्कार अमृता जैन को मिला। निर्णायक नीरज जैन, मनीषा, उषा, सुनीता जैन थे। कार्यक्रम का संचालन क्षिप्रा जैन ने किया। महिला मंडल सरकंडा द्वारा आयोजित खुला प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सभी उम्र के श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। प्रश्न दस धर्मो से संबंधित रहा। क्रांतिनगर मंदिर के नायक हाल में शनिवार को डॉ रेशू जैन द्वारा धार्मिक जैन हाउजी खिलाया जाएगा।

महाराष्ट्रीयन परिवारों में महालक्ष्मी पूजा की धूम

बिलासपुर। शहर के चंद्रप्रकाश देवरस, डॉ किरण, डॉ अखिलेश, दीप्ति, सुश्री मंगला, माया, पूजा, रश्मि देवरस सहित पूरे महाराष्ट्रीयन परिवारों में इन दिनों महालक्ष्मी पूजा की धूम है। उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को देवी मां की महापूजा हेतु घर के मुख्य द्वार से पूजा स्थल तक हल्दी-कुमकुम से मां के पद-चिन्ह बनाया गया।

महालक्ष्मी को 16-16 प्रकार की सब्जियों, चटनी, पूरण पोली और पारंपरिक 'आंबिल' का विशेष महाभोग अर्पित किया गया। सुहागिनों ने हल्दी-कुमकुम आयोजित की। तीसरे दिन रविवार 19 सितंबर को विशेष उत्तर पूजा की जाएगी। आरती के बाद देवी मां को भावभीनी विदाई दी जाएगी। इस मौके पर मधुलिका, अरुंधति खानखोजे, सुलभा मकोड़े, शची तिवारी, श्रीमती भुरंगी, सुश्री स्वरा तिवारी सहित अन्य परिवारजन उपस्थित थे।

देवी मां की महापूजा कर बनाए गए पद चिन्ह

नारी, यातायात एवं साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ नंदिनी तिवारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में नारी,यातायात जागरूकता एवं साइबर क्राईम विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों सुरक्षा साइबर अपराधों से बचाव तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के प्रथम चरण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नारी जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में आर्यन फिल्म्स द्वारा मासिक धर्म एवं महिला स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता के उद्देश्य से चलाये जा रहे, जागरूक नारी अभियान में डायरेक्टर आरएन. तिवारी तथा वक्ता के रूप में डॉ उषा किरण बाजपेयी, एडवोकेट एवं सामाजिक कार्यकर्ता और डॉआकांक्षा दीक्षित स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहीं। वक्ताओं द्वारा छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों,आत्मसुरक्षा, महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित जानकारियाँ प्रदान की गई। इसके पश्चात साइबर क्राइम एवं साइबर सिक्योरिटी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

41वें चक्रधर समारोह में ईश्वरी ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा सातवीं की होनहार छात्रा ईश्वरी लोकेश पाताडे ने रायगढ़ में आयोजित देश के प्रतिष्ठित 41वें चक्रधर समारोह में अपनी कला का परचम लहराया है। इस भव्य राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव में ईश्वरी को अपनी शास्त्रीय नृत्य कला का प्रदर्शन करने का गौरव प्राप्त हुआ।

समारोह के मुख्य मंच पर ईश्वरी ने लाइव (जीवंत) संगीत की सुमधुर संगत के बीच एक के बाद एक तीन बेहद खूबसूरत प्रस्तुतियां देकर वहां मौजूद कला प्रेमियों और गणमान्य नागरिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत 'सोलो गणेश वंदना' से की। इसके बाद उन्होंने 'युगल तराना' और अंत में अपने पूज्य गुरु के साथ 'राग मेघ मल्हार' पर आधारित एक विशेष त्रयी (तेंदुम) नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। छात्रा की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए स्कूल प्रबंधन से प्रबंध निदेशक सुरिंदर सिंह चावला, चेयरमैन डॉ किरण पाल सिंह चावला, निदेशक गुरमेहर सिंह चावला और प्राचार्य फरहान अहमद ने बधाई देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर छिपी रचनात्मकता और प्रतिभा को निखारना है।

स्पोटर्स न्यूज

बर्जेस स्कूल ताइक्वांडो टीम पानीपत रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बर्जेस अंग्रेजी शाला ताइक्वांडो टीम राष्ट्रीय चैंपियनशिप खेलने पानीपत के लिए आज रवाना हुई।

शाला के प्रभारी प्राचार्य डॉ संगम शुक्ला ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बर्जेस अंग्रेजी शाला में शिक्षा के साथ खेल में भी विद्यार्थी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं हमारी ताइक्वांडो टीम निश्चित रूप से राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी और शाला का नाम रोशन करेगी। शाला के वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक जाविद अली ने बताया कि ईस्ट जोन में आकांक्षा रजक 19 वर्ष में गोल्ड जीतकर और अपूर्वी यादव ने 17 वर्ष में गोल्ड जीतकर हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपना स्थान सुनिश्चित किया। दोनों एथलीट से अच्छे प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्थान बनाने की तैयारी की गई।

शहर के खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत

स्व. बीआर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण संस्थान, बहतराई स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय 21वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय क्यूरुगी ताइक्वांडो प्रतियोगिता एवं 2री छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पुम्से ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक हासिल करता है तो यह पूरे देश के लिए गौरव का विषय होता है। वहीं जब पदक जीतने वाला खिलाड़ी अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करता है तो राज्यवासियों का गर्व और बढ़ जाता है। ऐसे खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनते हैं और उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने आने वाले समय में बहतराई में मिलने वाली सुविधा के विषय में विस्तार से बताया।

नवरात्रि पर रामनवमी के दिन पूरा शहर जहां भगवान राम का जन्मोत्सव मना रहा था। वहीं एक छह साल की मासूम अपने ही सगे चाचा की हवस का शिकार हो गई। चाचा ने अनाचार के बाद बच्ची की गला दबाकर हत्या भी कर दी। यह सनसनीखेज वारदात मोहन नगर थाना क्षेत्र में अप्रैल 2025 में हुई थी। ओम नगर उरला में 6 साल की मासूम बच्ची से रेप और हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली थी, लेकिन इस 24 घंटे के भीतर पूरा दुर्ग दहल उठा था, मोहन नगर थाने में तोड़फोड़ से लेकर सड़क को जाम करने तक की नौबत को पुलिस ने झेला। काफी मशक्कत के बाद पुलिस आरोपी तक आखिरकार पहुंच ही गई, लेकिन मासूम का चाचा ही घटना का आरोपी निकलने पर किसी को भरोसा नहीं हो पा रहा था।

थाना में तोड़फोड़ और चक्काजाम

मासूम से दरिंदगी, शहर उबलता रहा, चाचा को सजा-ए-मौत

मोहन नगर थाना क्षेत्र की वारदात, 24 घंटे में पुलिस ने सुलझाई थी घटना

● भिलाई से जेएम तांडी

पूछताछ में खुलासा हुआ, जिसमें आरोपी चाचा ने स्वीकार किया कि उसने सुबह करीब 10 बजे ही मौका देख बच्ची को ऊपर नए बन रहे कमरे में ले गया। जहां चटाई बिछाकर करीब दो घंटे तक बच्ची से गलत काम किया। पुलिस और अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक बच्ची के चेहरे को लाइटर से जलाया गया। इतना ही नहीं, उसके नाजुक अंगों को बीड़ी या सिगरेट से जलाया गया था। पीएम के दौरान बच्ची के अंदरूनी हिस्से में सीमन जैसा कुछ मिला था। जिसे देखते हुए वेजाइनल स्वाप के स्लाइट तैयार किए गए हैं, जिसकी जांच के बाद ही रेप की पुष्टि हुई थी।

इतना ही नहीं ब्लड भी मिला था। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी और बच्ची की डीएनए सैंपल जांच के लिए भेजने की तैयारी की गई। विसरा समेत सारे आर्गन को सुरक्षित रखे गए। पीएम के दौरान मजिस्ट्रेट की टीम पूरे समय मौजूद थी। पीएम का वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस इस घटना में किसी भी प्रकार की कोई भी चूक नहीं करना चाह रही थी। जांच के बाद मासूम के साथ रेप और हत्या की खबर जैसे ही बाहर आई, लोगों में आक्रोश बढ़ गया। रात में बड़ी संख्या में लोग बच्ची के घर के आसपास पहुंच गए। संदेह के आधार पर पड़ोस में रहने वाले युवक से मारपीट भी हुई थी। उसके घर में आग भी लगाया गया था। बाद में पुलिस ने संदेह के आधार पर दो लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने काफी जांच पतासाजी करने के बाद मासूम बच्ची के चाचा ने ही इस तरह के घटना को अंजाम देकर पुलिस के साथ ही घूमता रहा।

आरोपी चाचा को फांसी की सजा हुई

मिली जानकारी के मुताबिक ओम नगर उरला में अप्रैल 2025 में हुए मासूम के साथ अनाचार मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई। कोर्ट ने आरोपी चाचा को दोषी मानते हुए चाचा को फांसी की सजा सुनाई। फैसला न्यायाधीश अनीष दुबे के कोर्ट से आया। जांच के बाद पुलिस ने बच्ची के चाचा को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी चाचा सहित तीन लोगों के सैंपल को डीएनए टेस्ट कराया। जांच कराने के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि पुलिस की जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट से मिले बायोलाजिकल एविडेंस के साथ डीएनए प्रोफाइलिंग कराई गई। आरोपी चाचा का डीएनए मैच हुआ है। डीएनए रिपोर्ट के अलावा पुलिस को आरोपी के घर से खून के धब्बे मिले थे। आरोपी के अंडर गार्मेंट्स में खून लगा मिला था। पुलिस ने उन्हें भी जब्त किया। इसके अलावा अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी चाचा को दोषी मानते हुए उसे फांसी की सजा सुनाई। प्रकरण में शासन के तरफ से पैरवी अधिवक्ता रूपवर्षा दिल्लीवार ने की।

पुलिस ने किया था खुलासा

शाम को पुलिस कंट्रोल रूम में तत्कालीन एएसपी सुखनंदर राठौर, क्राइम डीएसपी रहे हेमप्रकाश नायक ने घटना का पूरा खुलासा किया। खुलासे में बताया कि घटना को अंजाम मासूम बच्ची के सगे चाचा ने ही अंजाम दिया। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे 6 अप्रैल की रात ही हिरासत में ले लिया था। हिरासत में पूछताछ के दौरान उसने अपना गुनाह कबूल लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बच्ची को ऊपर के कमरे में ले गया, जहां उससे गलत काम किया। इसके बाद दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच के बीच मौका देख बच्ची के शव को कार में डाल दिया। किसी को संदेह न हो, इसलिए परिजनों के साथ बच्ची को खोजते रहा। पुलिस जब इस मामले में जांच कर रही थी तो आरोपी के बारे में पता चला कि वह नशेड़ी है। पूरे दिन नशे में रहता है। इस कारण से उस पर संदेह हुआ। हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो पूरे मामले का खुलासा हो पाया।

सोशल मीडिया की पोस्ट से माहौल हुआ था गर्म

सोशल मीडिया में बच्ची के समर्थन में रात 11 बजे से पोस्ट डलने शुरू हो गए। बेटी हम शर्मिंदा है कि दरिंदे से तुम्हे नहीं बचा पाए, पुलिस से अपील और बेटियों का न होने दे यौन उत्पीड़न जैसे पोस्ट शेयर होने लगे। रात में ही छात्र संगठन के कार्यकर्ता मोहन नगर थाने के बाहर जमा हो गए। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में पुलिस ने उन्हें शांत कर घर भेज दिया। सुबह से पीएम को लेकर मरचुरी में भीड़ लगे रही। दोपहर होते-होते मोहन नगर थाने में कई सामाजिक संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता थाने में जमा होने लगे थे। इधर बच्ची का पीएम हुआ। पीएम के बाद पुलिस एम्बुलेंस में बच्ची को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने की कोशिश कर रही थी। लेकिन परिजन ने बच्ची को लेकर ई-रिक्शा में लेकर थाने पहुंच गए। जहां बच्ची के शव को देखकर भीड़ आक्रोशित हो गई। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। आरोपियों को बाहर लाने की मांग उठने लगी। पुलिस जैसे-तैसे आरोपियों का मुलाहिजा कराने के लिए निकली। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। बाद में मामला शांत हुआ।

एक कथित तांत्रिक विजय कुमार राज (48) ने बिल्हा के सबंलपुरी में कांग्रेस समर्थित सरपंच पति के घर अनुष्ठान का वीडियो बनाया। जिसमें पैसों की गड्डी के सामने नारियल, अगरबत्ती रख पूजा की। फिर अचानक ऊपर से पैसों की बारिश होने लगी। वीडियो देख झांसे में आकर कोरिया के 4 लोगों ने पैसा दे दिया, लेकिन जब उन्हें ठगी का एहसास हुआ, तो वे अपना पैसा वापस मांगने गए। तब तक तांत्रिक और उसके 4 साथी भाग गए। ठगे गए लोगों ने तांत्रिक और उसके साथियों को रतनपुर रोड के हाईवे में बीच सड़क पर रोककर जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने मामले में एक सरपंच, 3 महिलाओं समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया था।

● बिलासपुर से विकास चौबे

तांत्रिक ने पैसों की बारिश दिखाई, 2.50 लाख को 2.50 करोड़ बनाने का झांसा

पुलिस के अनुसार आरोपी रिखीराम नवरंग बिल्हा के गांव संबलपुर से सरपंच पति है और कांग्रेस समर्थित है। यह तांत्रिक के अनुष्ठान में सहयोग देता था। विजय कुमार राज खुद को तांत्रिक बताता था। इनसे जुड़ी तीन महिलाएं लोगों को झांसे में लाने में का काम करती थी। लाखों रुपयों को करोड़ों में बदलने का दावा करती थी। इसी दावे के साथ 30 जनवरी को कोरिया निवासी 4 युवकों को बिल्हा बुलाया गया, जहां आरोपियों ने 'पैसों की बारिश' का नाटक

रचा और उनसे ढाई लाख रुपए ठग लिए। पुलिस के मुताबिक तांत्रिक विजय कुमार राज (48) कोरबा जिले के दीपका का रहने वाला है। वह तंत्र मंत्र के बाद ठगी के पैसों को लेकर जा रहा था। इसी दौरान रात करीब साढ़े 3 बजे रतनपुर में एक ढाबे के पास टॉयलेट के लिए उसने अपनी कार रोकी, तभी 2 कार वहां आकर रुकी। जिसमें से ठगी के शिकार हुए 4 पीड़ित युवक उतरे और फिल्मी स्टाइल में विजय के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद हमलावर उसकी की कार, 3 मोबाइल और करीब 8 हजार रुपए कैश लूटकर भाग गए।

महिलाएं लोगों को झांसे में लाने में का काम करती थी

लालच में फंसे आरोपी, तांत्रिक के खिलाफ भी कार्रवाई

एएसपी मधुलिका सिंह ने बताया कि, जांच में यह भी सामने आया है कि कथित तांत्रिक विजय ने तंत्र-मंत्र के जरिए ठगी की बात पुलिस से छिपाई थी। जबकि, वह खुद भी ठगी का आरोपी निकला। पुलिस दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। तांत्रिक और उसके सहयोगियों पर बिल्हा थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। वहीं, ठगी केआरोपियों के पास से 1 लाख 85 हजार रुपए बरामद किया गया है। मामले में पुलिस ने गुरूजी, सरपंच रिखीराम, विमला बाई गोंड़, बृहस्पति, ब्रीज बाई गोंड़, विजय राज के खिलाफ बीएनएसी की धारा 318, 4 , 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि इसमें से एक पक्ष ने रतनपुर रोड से आरोपी विजय राज से मारपीट कर कार लूटी थी। उक्त मामले में रतनपुर पुलिस ने लूट के आरोप में कोरिया निवासी विद्यादास महंत, रामसुन्दर, राजीव कुमार सिंह, गुलशन कुजूर को गिरफ्तार किया था।

तांत्रिक से बदला लेने की लूटपाट

इस घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। टेक्निकल साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में अंबिकापुर और कोरिया पहुंची। जहां टीम ने 2 फरवरी को लूट मारपीट के चारों आरोपियों को सरगुजा और कोरिया से गिरफ्तार कर बिलासपुर लाया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई रकम, क्रेटा-अर्टिगा कार व अन्य सामग्री को भी जब्त कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि, उन्होंने बदले की भावना से वारदात को अंजाम दिया है। बताया गया कि विजय कुमार राज ने तंत्र विद्या और पूजा-पाठ से पैसे बढ़ाने का झांसा दिया था।

श्मशान की मिट्टी लाने की बात कहकर भागे

दरअसल, तांत्रिक लोगों को एक वीडियो दिखाता था, जिसमें पैसों की बारिश हो रही है। वह दावा करता था वह पैसों को कई गुना ज्यादा कर देगा। उसका वीडियो देख लोगा झांसे में आ जाते थे। तांत्रिक ने शख्स से दावा किया था कि वह ढाई लाख को ढाई करोड़ रुपए बना देगा। उस रात को कथित अनुष्ठान करने के बाद तांत्रिक विजय राज ने बाकी लोगों को बाहर बैठने को कहा और रात करीब 10:30 बजे तक पूजा करता रहा। इसके बाद श्मशान की मिट्टी लेने जा रहे कहकर नोटों से भरा थैला थमाया और बाइक से भाग गए। काफी देर बाद भी नहीं लौटने पर जब जो थैला वह छोड़कर गया था, उसे खोला गया तो उसमें असली नोटों की जगह नकली नोटों के बंडल निकले। जब तांत्रिक के मोबाइल पर कॉल किया गया तो फोन बंद मिला। इसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई और बाद में रास्तो रोककर पिटाई भी की गई।

शनिवार 18 अगस्त 2018 की दोपहर दरभा व तोंगपाल थाना क्षेत्र की सीमा से लगे बाडनपाल में छोटी सी बात ने जघन्य हत्या का रूप ले लिया। शराब का सेवन कर रहे नाबालिग भतीजे व चाचा ने मिलकर इसलिए वृद्ध की हत्या कर दी, क्योंकि उसने चाचा भतीजे को शराब का सेवन करने से मना किया, जो दोनों को इतना नागवार गुजरा की नाबालिग भतीजे ने वृद्ध की चाकू से गला रेत दिया और चाचा ने कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी।

घटना के बाद सौंपा हथियार व हत्या करना कबूला

शराब पीने से मना किया तो चाचा व भतीजे ने चाकू और टंगिये से काट डाला

● जगदलपुर से राजेश दास

दरअसल चाचा मड़कामी सन्ना अपने नाबालिग भतीजे के साथ गांव के ही लखमा मड़कामी के घर के परछी में बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे। इसी दौरान शाम लगभग चार बजे वहां से गुजर रहे बुधरा मड़कामी ने दोनों को शराब सेवन करते देखा तो शराब पीने से मना करते हुए गाली गलौच करने लगा। इसी बात पर नाबालिग भतीजे ने बुधरा मड़कामी पर कडरी (चाकू) से हमला कर गला रेत दिया। वहीं आरोपी मड़कामी सन्ना ने पास ही रखे कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। दोनों के हमले से बुधरा की मौके पर ही मौत हो गई, कुछ ही देर में इस बात की खबर पूरे गांव में फैल गई और दशहत का माहौल हो गया। घटना के दौरान मृतक का पुत्र कमलराम मड़कामी अपनी पत्नी के साथ खेत गया हुआ था, शाम को लौटने पर गांव वालों ने खबर दी कि तुम्हारे पिता का शव लखमा मड़कामी के घर के बरामदे में पड़ा हुआ है। मौके पर जाकर देखने पर पिता का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला। घटना की खबर सुकमा जिले के तोंगपाल थाने में दी गई। जिसके बाद तोंगपाल पुलिस ने शून्य में मामला दर्ज कर मामला दरभा थाने को भेज दिया। दरभा पुलिस द्वारा धारा 302, 34 के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

इलाके में छोटी छोटी बात पर हत्या आम बात

दरभा व कोड़ेनार थाना क्षेत्र में छोटी छोटी बात पर हत्या करना आम बात है। इससे पूर्व भी इलाके में मामूली बात पर हत्या की कई वारदातें हो चुकी है। वर्ष 2018 में जब हत्या की वारदात हुई यह वह दौर था, जब इस पूरे इलाके में नक्सल घटनाएं काफी होती थी और नक्सली पुलिस मुखबरी के संदेह में आग ग्रामीणों का गला रेतकर हत्या कर देते थे। नाबालिग बालक द्वारा गांव के ही बुजुर्ग की जिस तरह गला रेता गया। इससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था।

पूछताछ में हत्या कबूला, हथियार भी सौंपा

मामले की विवेचना कर रहे तत्कालीन एसआई रामविलास नेगी ने बताया कि मामले में कई गवाहों के बयान लेने के बाद आरोपियों की निशानदेही पर हथियार में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व चाकू बरामद कर लिया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि हत्या की वजह मृतक द्वारा शराब पीने देने से मना करना और गालीगलौच करना था। मृतक द्वारा दी जा रही अश्लील गाली गलौच से वे काफी गुस्से में आ गए और उसकी हत्या कर दी।

खबर संक्षेप

जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़े गए आरोपी, 4 गिरफ्तार

तखतपुर। एनीकट के पास जुआ खेल रहे जुआरियों के पास से पुलिस ने नगद राशि एवं ताश जप्त करते हुए जुआ एक्ट 3,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नगोई के एनीकट के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर सकेत निवासी ओम प्रकाश जायसवाल, जरेली निवासी धरम ध्रुव, नगोई निवासी रोहित यादव एवं रोहित कौशिक को ताश खेलते हुए 2 हजार 700 रूपए नगद एवं ताश की पत्ती जप्त करते हुए जुआ एक्ट 3,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

राशन लेकर लौट रही महिला से अभद्रता, आरोपी पर मामला दर्ज

तखतपुर। रास्ता रोककर गाली गलौज कर मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 115,2 126,2 296, 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों के अनुसार नेवसा निवासी तारा बाई यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 16 सितम्बर को वह सुबह 11 बजे सोसायटी से चांवल लेकर घर जा रही थी तभी आरोपी राम सिंह ध्रुव सड़क में रास्ता रोककर इधर से क्यों गुजर रही हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने धारा 115,2 126,2 296, 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

अस्थायी पटाखा लाइसेंस के लिए आवेदन 18 से

मुंगेली। दीपावली पर्व 2026 के अवसर पर अस्थायी पटाखा दुकानों के संचालन हेतु नवीन लाइसेंस प्राप्त करने के इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अस्थायी पटाखा दुकान के लिए नवीन लाइसेंस हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अवधि 18 सितंबर से 08 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक अस्थायी पटाखा लाइसेंस हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक समस्त दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन कार्यालय कलेक्टर, जिला मुंगेली में निर्धारित अवधि के दौरान कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

बीईओ ने रिकार्ड व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

पेंड्रा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर एन चंद्रा ने 16 सितंबर को माध्यमिक शाला मझौलीपारा अमरपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति और अध्यापन व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारी ने सभी शिक्षकों की डेली डायरी का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कैश बुक प्रस्तुत नहीं की जा सकी। प्रधान पाठक द्वारा कैश बुक बाद में दिखाने की बात कही गई, जिस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर एन चंद्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्यालय के अभिलेखों को व्यवस्थित एवं निरीक्षण के दौरान उपलब्ध रखने के निर्देश दिए।

निधन

मदन मोहन दुबे

सकरी। ग्राम बहतराई निवासी सेवानिवृत्त लेखापाल मदन मोहन दुबे का 18 सितम्बर शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संजीव दुबे, गुड्डु दुबे के पिता एवं राहुल एवं हिमांशु दुबे के दादा थे।

कुंवर सिंह नेताम

मस्तूरी। ग्राम पंचायत पाराघाट निवासी कुंवर सिंह नेताम का उम्र 75 वर्ष की उम्र में 19 सितम्बर दिन शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार लीलागर नदी के किनारे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे राधेश्याम नेताम, तिलकराम नेताम के पिता थे।

सकरी में सुर वंदना नाइट कार्यक्रम में झूमे श्रद्धालु

निर्माण एवं सृजन के अधिष्ठाता हैं देव शिल्पी विश्वकर्मा: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

निर्माण और सृजन की परंपरा भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण पहचान है। भगवान विश्वकर्मा शिल्प, तकनीक और निर्माण कौशल के देवता है, किसी भी क्षेत्र का विकास मजबूत निर्माण और कुशल श्रमशक्ति के बिना संभव नहीं है। यह आयोजन श्रम और हुनर के सम्मान का संदेश देता है उक्त उदगार सकरी के बचन भाई बाल सुंदर मैदान परिसर में विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने व्यक्त किया।

उन्होंने आधुनिक विकास की नींव परम्परागत शिल्पकला और आधुनिक तकनीक के समन्वय से मजबूत होती है इस अवसर पर उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति को 30 हजार नकद सहयोग राशि प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की प्रेरणा से गुणवत्ता, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ श्रम वीर देश के विकास में अपना योगदान देते है। आज उनके इस विकास को नमन करने का पर्व है। कार्यक्रम को राकेश तिवारी जनपद उपाध्यक्ष तखतपुर, जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, भाजपा मंडल महामंत्री तुलसी कौशिक, भाजयुमो जिला महामंत्री राजकमल कश्यप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम स संचालन भरत ठाकुर, रसीद खान एवं आभार प्रदर्शन आकांक्षा बिल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मंगल साहू ने किया। इस अवसर पर प्रकाश पाल, राजकमल साहू, सतीश सोनकर, जितेन्द्र सूर्यवंशी, राजेश देवांगन, बाबा रजक, आकांक्षा बिल्डर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी मंगल साहू, जलेश्वर निर्मलकर, अनिल यादव, प्रमोद साहू, नानू साहू, दशरथ चंद्राकर, जितेन्द्र दुबे, योगेश निर्मलकर, तोषण साहू, विवेक साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन एवं आस पास के गांव के ग्रामीण उपस्थित थे। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मैदान परिसर में सुर वंदना नाईट का आयोजन मुंगेली के मनकी से आए हुए शशि रंगीला द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसे सुनकर श्रोता मनमुग्ध हो गए।

पीएम के जन्मदिन पर सकरी एवं ग्रामीण अंचल में जगमगाए आशीर्वाद के दीप

सकरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को सकरी परिक्षेत्र आशीर्वाद के दीये से दमक उठा। परिक्षेत्र के सभी शासकीय कार्यालयों में दीप प्रज्ज्वलन कर पीएम मोदी के दीर्घायु होने की कामना की गई। ग्राम हांफा स्थित मावली माता परिसर में दीप प्रज्ज्वलन हुआ जहां उपस्थित जन को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि सेवा संकल्प का यह दीपक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रसेवा को समर्पित है।

इस अवसर पर बली राम यादव, गंभीर यादव, कल्याणी यादव, जितेंद्र तिवारी, शशी कला महिलांगे, जितेंद्र जांगड़े, रजनीकांत यादव , जगेश्वर यादव, राजेश कौशिक, महेन्द्र कौशिक, दीपेश कांत यादव, अन्नू साहू, मनीष यादव, किरण जांगड़े, युवराज, मानस, लाला, मुकेश, मनीषा महिलांगे, खुशू, जगदेव, सुमित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। जगह जगह दीप हुए प्रज्वलितः गुरुवार को परिक्षेत्र के सेवा सहकारी समिति सकरी, घुरू, छतौना, गनियारी, सकर्रा, कुरेली, लाखासार सहित अन्य समितियों में भी सेवा संकल्प अभियान के तहत आशीर्वाद का दिया जलाया गया। सकरी मंडल में भी हुआ आयोजनः भाजपा सकरी मंडल में मंडल अध्यक्ष रवि मेहर एवं जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी के नेतृत्व में गायत्री मंदिर स्थित परिसर में सेवा संकल्प का कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर बीआर महोबिया, प्रकाश पाल, जितेन्द्र सूर्यवंशी, संजय यादव, शिव खांडे, राजेश्वरी पटवा, सोनसायं साहू, तिलक सेन, मनोज साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपाजन उपस्थित थे। ग्राम सागर में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच अंजुलता सुरेश पांडेय, आनंद अवस्थी, डॉ प्रवीण तिवारी, दशरथ पाण्डेय, हिमांशु शर्मा, हितेश साहू, भुवन यादव, अनिल यादव, भागीरथी श्रीवास, मनोज साहू , लक्ष्मी साहू, सुनील साहू, दिनेश शर्मा, दिनेश साहू, पंच पल्लवी साहू , सरोजनी साहू, शीतला देवी सूर्यवंशी, राधिका साहू, अर्जुन केवट, आशुतोष पाण्डेय एवं श्रीराम केवट उपस्थित थे।

सेवा संकल्प के तहत प्राथमिक शाला देवरी में जलाया आशीर्वाद का दीया

सीपत। शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, मध्याह्न भोजन संचालन से जुड़े सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस दौरान दीप प्रज्ज्वलित कर सेवा, संस्कार, सद्भाव और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में शिक्षिका सावित्री सेन ने कहा कि सेवा और संस्कार से जुड़े ऐसे आयोजन बच्चों को सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। विद्यार्थियों को जरूरतमंदों की सहायता, बड़ों का सम्मान तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। 'आशीर्वाद का दीया' जैसे कार्यक्रम बच्चों में सेवा भावना और सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दीप प्रज्ज्वलन में शामिल होकर सेवा एवं सद्भाव का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में सकारात्मक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। एसएमसी सदस्य, मध्याह्न भोजन के सदस्य, शिक्षिका सावित्री सेन सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

तहसील कोर्ट में क्लर्क की कमी से काम ठप अधिवक्ताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

लोरमी। अधिवक्ता संघ लोरमी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मुंगेली कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील कोर्ट लोरमी में क्लर्क की भारी कमी है, जिसके कारण अदालती कामकाज पिछले डेढ़ महीने से ठप पड़ा है। उन्होंने न्यायालयीन कार्यों में गति लाने के लिए तत्काल क्लर्क की नियुक्ति की मांग की है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने वर्ष 2018 से लंबित उपकोषालय (ट्रेजरी) की मांग को दोहराते हुए कहा कि इसके न होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा तहसील परिसर में वकीलों के बैठने और कार्य करने के लिए सामुदायिक भवन की नितांत आवश्यकता है। पूर्व में भी कलेक्टर व अन्य अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। ज्ञापन सौंपने वालों में संजय त्रिपाठी, सुरेश क्षत्रिय, जितेंद्र सिंह ठाकुर, भुवनेश्वर कश्यप, किशन देवांगन, महेंद्र सिंह, अजय तिवारी उपस्थित रहे।

बिल्हा को कन्या स्कूल भवन, 3 आईसीयू बेड व 139 के वी सोलर प्लांट की सौगात

बिल्हा। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने सेवा संकल्प अभियान, भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और ऊर्जा से जुड़े अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण किया। श्री कौशिक ने शासकीय कन्या मिडिल स्कूल में एचडीएफसी बैंक के सीएसआर मद से 80 लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि कन्या शिक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह नया भवन बेटियों के सुरक्षित व आधुनिक शैक्षणिक माहौल के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3 नए आईसीयू बेड का शुभारंभ किया, जिससे अब गंभीर मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही इलाज मिल सकेगा। साथ ही क्रेडा चेयरमैन भूपेंद्र सवन्नी द्वारा 139 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल का भी लोकार्पण किया गया, जिससे अस्पताल को निर्बाध बिजली मिलेगी।

विकासखंड स्तर पर किया गया आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम, शामिल हुए अधिकारी

मस्तूरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के प्रथम दिवस में गुरुवार को आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम विकास खंड स्तरीय आयोजन हाई स्कूल प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने इस कार्यक्रम को राष्ट्र के लिए गौरव एवं देश के लिए सम्मान का कार्यक्रम कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्ष से देश के प्रति सेवा, समर्पण भावना से किए जा रहे कार्यो को जन कल्याणकारी बताया। हाई स्कूल प्रांगण में आयोजित इस आशीर्वाद के दीप प्रज्वलित कार्यक्रम में एसडीएम शिवकुमार कंवर, सीईओ जे आर भगत, बीईओ शिवराम टंडन, बीआरसी सूरज सिंह क्षत्री, पीओ रूचि विश्वकर्मा, अतिरिक्त सीईओ मिथलेश देवांगन, पंचायत इंस्पेक्टर बी एल कुर्रे, बीपीएम स्वर्णलता लकड़ा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि संतोष मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिंकू त्रिपाठी, भाजपा जिला युवा मोर्चा मंत्री अंकित मिश्रा, भाजपा नेता योगेंद्र सिंह, संजय गुप्ता सहित हाईस्कूल के समस्त अध्यापक, व्याख्याता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, महिला समूह कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

राशन दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में चोरी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पथरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पूर्व में बरामद किए गए चोरी के चावल एवं शक्कर के संबंध में पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की।

- चोरी के चावल-शक्कर को गोदाम में रखने वाला आयुष न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

मामले में पुलिस द्वारा पहले ही 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थाना प्रभारी पवन कुमार देवागन से मिली जानकारी के अनुसार, थाना पथरिया के अपराध क्रमांक 208/2026 के अंतर्गत ग्राम बेलखुरी, कलारजेवरा एवं सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पालचुवा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। मामले में पुलिस ने पूर्व में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे एवं निशानदेही से चोरी का चावल, शक्कर, नगदी रकम तथा घटना में प्रयुक्त सामग्री बरामद की थी।

गोदाम में रखा गया था चोरी का राशन

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन एवं पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान पथरिया पुलिस ने 18 सितंबर 2026 को फरार आरोपी आयुष साहू (29 वर्ष), निवासी अशोक विहार फेस-2, बिलासपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि बिलासपुर के गोडपारा खोवा मंडी के पास उसकी अनाज की दुकान है, जहां चावल, गेहूं, शक्कर एवं दाल की खरीदी-बिक्री की जाती है। आरोपी के अनुसार, उसकी दुकान के पास बंटी उर्फ रवि पाहुजा की दुकान है। लगभग दो माह पूर्व बंटी ने उसे कुछ लोगों द्वारा चावल बिक्री के लिए लाने और गोदाम में रखवाने की बात कही थी। इसके बाद बंटी उर्फ रवि पाहुजा एवं अन्य लोगों द्वारा पिकअप वाहन से चावल और शक्कर की बोरियां उसके गोदाम में रखवाई गई थीं। पुलिस के अनुसार, उक्त चोरी का माल पूर्व में आरोपी के गोदाम से बरामद किया जा चुका है। उपलब्ध साक्ष्यों एवं पूछताछ के आधार पर आयुष साहू को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

राहुल का आवासीय प्रशिक्षण के लिए चयन

मुंगेली। पीएम श्री योजना के तहत संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के वाणिज्य व्याख्याता राहुल वर्मा का पांच दिवसीय राष्ट्रीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए चयन हुआ है। कार्यशाला राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की क्षेत्रीय इकाई क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित की जा रही है। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ शिक्षण में डिजिटल तकनीक के उपयोग और अनुभव आधारित शिक्षण पद्धति पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। देशभर से चयनित शिक्षकों को विषयों को अधिक व्यावहारिक और विघार्थियों के अनुकूल तरीके से पढ़ाने की तकनीकों से अवगत कराया जाएगा।

गतौरा में केक काटकर मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिवस

मोपका। ग्राम पंचायत गतौरा वार्ड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वर्ष एवं मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्ष पूर्ण करने के उत्साह में वार्ड न 1 पंच दिग्विजय सिंह राठौर एवं जन्मेजय राठौर के नेतृत्व में केक काटकर, प्रसाद वितरण कर जन्मदिन मनाया गया, मोदी के लिए आशीर्वाद के रूप में दिया जलाकर उनके लंबी उम्र एवं प्रधानमंत्री पद पर बने रहने की मंगलकामना की गई। इस बीच गतौरा पटवारी शशांक त्रिपाठी, रोजगार सचिव सरिता राठौर, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता योगेश्वरी राठौर, किरण वस्त्रकार, मंदाकिनी राठौर कविता राठौर, दशरथ सिंह राठौर, जन्मेजय राठौर, सुभाष राठौर, विजय राठौर, गोपी किशन, लक्की राठौर, हर्षवर्धन राठौर, मोनू राठौर, दीपनारायण राठौर, सुशील केवट, छोटे लाल केवट, शिवनंदन राठौर, द्वारिका राठौर, सूरज यादव, भागीरथी यादव, हंसिका, आशा, शिवरात्री, शारदा, जानकुंवर, शकुन राठौर, तुलेश्वरी राठौर, बच्चो की टोली एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन

समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं अर्जुन कुमार (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/ सुपुत्री/ पत्नी उत्तरा कुमार सूर्यवंशी गांव/शहर आवासपारा सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने अपना नाम अर्जुन कुमार (पुराना नाम) से बदल कर अर्जुन सूर्यवंशी (नया नाम) रख लिया है।

हस्ताक्षर (पुराने नाम से)
अर्जुन कुमार

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक/क/अति.तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 17/09/2026
रा.प्र.क्र./ब-121/2025-26
ग्राम मंगला, प.ह.नं.-35

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला, प.ह.नं.-35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री गणेश चन्द्र मिश्रा पिता स्व. चन्द्रशेखर मिश्रा, निवासी गंगानगर मंगला, बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र शुभ मिश्रा पिता श्री गणेश चन्द्र मिश्रा के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWSs) के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)
// ईश्तहार//
रा.प्र.क्र. /बी-121/202 लोरमी
ग्राम- लोरमी प.ह.नं. 28
तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा ग्राम लोरमी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका संजय शर्मा पिता/पति सुंदरला शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम लोरमी तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/ पुत्री/ पत्नी श्रुति शर्मा पिता/ पति संजय शर्मा हेतु केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु/ शैक्षणिक संस्थाओ में प्रवेश हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का आवेदन के साथ आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं ऋण पुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो, तो वह दिनाँक 24.09.26 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनाँक 17.9.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)
उद्घोषणा
प्र.क्रं./अ-20(1)/25-26

पक्षकार- श्री नीलमणी पाण्डेय पिता स्व. कामेश्वर कुमार पाण्डेय निवासी सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.) ....आवेदक
विरुध्द
छ.ग. शासन ....अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नीलमणी पाण्डेय पिता स्व. कामेश्वर कुमार पाण्डेय, निवासी सरदार पटेल वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. मुंगेली द्वारा आवेदन पेश कर लेख किया गया है कि मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38 सी. प्लाट नं. 34 क्षेत्रफल 65 व.मी. को वर्तमान राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान के अनुसार व्यवस्थापन/आबंटन किए जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग. के प्रकरण क्रमांक WPC No. 1139/2022 पक्षकार नीलमणी पाण्डेय विरुध्द छ.ग. शासन वगैरह में पारित आदेश दिनांक 24.08.2026 की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि आबंटन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 22/09/2026 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्तिध्दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नही होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 03.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)
उद्घोषणा
प्र.क्रं./अ-20(1)/25-26

पक्षकार- श्री शीलमणी पाण्डेय पिता स्व. कामेश्वर कुमार पाण्डेय निवासी सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.) ....आवेदक
विरुध्द
छ.ग. शासन ....अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शीलमणी पाण्डेय पिता स्व. कामेश्वर कुमार पाण्डेय, निवासी सरदार पटेल वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. मुंगेली द्वारा आवेदन पेश कर लेख किया गया है कि मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38 सी, प्लाट नं. 34 में से क्षेत्रफल 65 व.मी. (पुराना खसरा नं. 739) को वर्तमान राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान के अनुसार व्यवस्थापन/आबंटन किए जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग. के प्रकरण क्रमांक WPC No. 1137/2022 पक्षकार नीलमणी पाण्डेय विरुध्द छ.ग. शासन वगैरह में पारित आदेश दिनांक 24.08.2026 की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि आबंटन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 22/09/2026 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नही होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 03.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 08/09/2026

मौजा जुनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूनाबिलासपुर प.ह.नं. 36 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित / कृषि भूमि ख.नं. 664 में से रकबा 0.07 एकड़ भूमि का आवेदिका मालादेवी मुदलियार पति स्व. विष्णु मुदलियार निवासी बजरंग केडिया हाउस के पास विद्या नगर बिलासपुर तह. बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा पंजीकृत विक्रय के आधार पर राधा बाई पति एस.के. मुदलियार के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु अंतर्गत भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110, के तहत आवेदन पत्र, विक्रय विलेख, शपथपत्र, बी-1, खसरा सहित पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 25/09/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 08/09/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना

मै अपने पक्षकार फहीम खान पिता स्व. अब्दुल हलीम खान निवासी मिशन अस्पताल के सामने अकबर चाल बिलासपुर छ.ग. कि ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि नजूल शीट नम्बर 20 प्लाट नम्बर 2/1 रकबा 53962 वर्गफुट भूमि छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड रायपुर के नाम पर दर्ज है जिसे अकबर खान चाल एवं अगली पिछली चाल के नाम से जाना जाता है। जिससे संबंधित मामला माननीय उच्च न्यायालय सिविल रिविजन क्रमांक 126/2015 लम्बित है जिस पर यथा स्थिति का आदेश है नजूल पट्टा 90 वर्ष पूर्ण होने पश्चात् समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद भी गैर कानूनी तरीके से अनाधिकृत लोगों द्वारा अवैध निर्माण दुकान, बिना नगर निगम एवं माननीय कलेक्टर महोदय की अनुमति के बगैर संचालित हो रहा है जिसके विरूद्ध कार्यवाही मेरे पक्षकार द्वारा की जानी है। अतः कोई भी व्यक्ति संस्था, बैंक, किरायेदार लोगों से संव्यवहार न करे। सो सूचना जाने।

विनय कश्यप
अधिवक्ता
मोबा.नं. 9827499301

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, मौत

बिलासपुर। तुर्काडीह पुल पर शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है। शनिवार को युवक के शव का पीएम किया जाएगा।

मृतक।

कोनी क्षेत्र के तुर्काडीह में रहने वाले अनिकेत कुर्रे(18) शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे अपने घर से दुकान जाने के लिए निकला था। वह तुर्काडीह पुल को पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अनिकेत गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद बाइक सवार कुछ देर मौके पर रुका, लेकिन लोगों के पहुंचने से पहले अपनी बाइक छोड़कर वहां से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर अनिकेत के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार बाइक सवार की पहचान और तलाश में जुटी है।

धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। पेट्रोलिंग के दौरान अड्डेबाजी व आदतन बदमाशों पर कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जवाली नाला तेलीपारा रोड के पास आरोपी धारदार हथियार लेकर लोगों डरा धमका रहा है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी विक्की खटीक को पकड़ा गया। उसके पास से धारदार चाकू मिला बरामद किया गया है। मामले में टीकरापारा निवासी विक्की खटिक पिता अशोक खटिक के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के अनुसार कार्रवाई की गई है, आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। लोगों को चाकू दिखाकर भयादोहन करने और सोशल मीडिया पर विडियो वायरल कर लोगों में दहशत फैलाने वाले आरोपी को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को रतनपुर को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चाकू दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा है। वह चाकू दिखाते हुए सोशल मीडिया में विडियो वायरल कर रहा है। जिसके बाद पुलिस ने विडियो के आधार पर आरोपी की पतासाजी की और बदमाश को पकड़ने टीम रवाना किया गया। इस दौरान नुतन चौक बड़ी बाजार के पास घेराबंदी कर बटनदार चाकू के साथ बदमाश निजाम अली ऊर्फ पिता रजब अली उम्र 21 वर्ष को पकड़ा गया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं पर आरोपी को जेल भेज दिया है।

शराब पीने मांगा पैसा नहीं देने पर हमला

बिलासपुर। शराब पीने के लिए रुपए मांगने और नहीं देने पर अधेड़ व्यक्ति पर चापड़ से हमला करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले के अनुसार घटना 14 सितंबर की शाम 8.30 बजे की है। जब राजेन्द्र रजक उम्र 45 वर्ष करोना चौक सदर बाजार में खड़े थे, इस दौरान आरोपी सत्यम यादव ने शराब पीने के लिए उनसे रूपए की मांग की। इस दौरान राजेन्द्र ने रूपए देने से मना कर दिया। युवक गाली गलौज करते हुए लोहे के चापड़ से राजेन्द्र के सिर और हाथ पर वार कर दिया। मामले की शिकायत पीड़ित के बेटे ने कोतवाली थाने में की थी जिसके बाद पुलिस ने गोड़पारा रमनचंदन बाड़ा निवासी सत्यम यादव पिता राजू यादव उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

धूल ने किया जीना मुश्किल...

छठघाट जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। इस सड़क पर दिन रात वाहन चल रहे हैं, जिसके कारण धूल उड़ रही है।

रेल प्रशासन ने जारी किया आर्डर, ट्रेन रद्द से यात्री होंगे परेशान

फेस्टिवल सीजन शुरू होते ही रद्द होने लगीं ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सितम्बर की समाप्ति के साथ ही त्यौहार का सीजन शुरु होने वाला है और ऐसे समय में रेल प्रशासन ने हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों को 19 दिन तक रद्द करने का आर्डर जारी कर दिया है। जारी किए गए आर्डर में चक्रधरपुर रेल मंडल में नॉन इंटरलाकिंग का कार्य करने के कारण 25 सितम्बर से 13 अक्टूबर तक 16 मुख्य ट्रेन शामिल है, जिसके पहिए थमने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

गणेश चतुर्थी के बाद अक्टूबर माह में पितृ पक्ष और नवरात्रि का पर्व शुरु हो जाएगा। इस दौरान यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ हावड़ा-मुम्बई रूट की ट्रेनों में होती है। पर्व में लोग अपने-अपने क्षेत्रों में आना-जाना करते हैं, जिसके कारण ट्रेनों में सबसे अधिक भीड़ रहती है। ऐसे समय में रेल प्रशासन की ओर से हावड़ा-मुम्बई की ओर आने-जाने वाली मुख्य ट्रेनों को अलग-अलग दिन में रद्द करने का आर्डर दिया है। जानकारी के अनुसार 25 सितम्बर से लेकर अक्टूबर की 13 तारीख तक रेलवे दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा केबिन ए से राउरकेला सेक्शन के बीच पांचवीं लाइन कमीशनिंग से संबंधित कार्य कर रही है। इस कार्य के लिए नॉन इंटरलाकिंग कार्य अलग-अलग चरणों में किया जाना है, जिसमें आवश्यक ट्रैफिक ब्लाक लिए जाने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली नागपुर-टाटा, बक्सर एक्सप्रेस, दूरंतो सहित करीब 16 ट्रेनों के पहियों को अलग-अलग दिनों में रद्द करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

ये है ट्रेनों की स्थिति

इसमें रद्द की जाने वाली ट्रेनों में 25, 26, 27, 28, 29, 30 सितम्बर, 1, 2, 4, 5, 6, 7, 11, 12 व 13 अक्टूबर को 18109/18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस, 25, 26, 27, 28, 29, 30 सितम्बर, 1, 2, 4, 5, 6, 7, 11, 12 व 13 अक्टूबर को 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 26, 27, 28, 29, 30 सितम्बर और 1, 2, 3, 5, 6, 7, 8, 12, 13 व 14 अक्टूबर को 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, 28 सितम्बर और 12 अक्टूबर को नांदेड़ से रवाना होने वाली 12767 नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस, 30 सितम्बर और 14 अक्टूबर को सांतरागाछी से रवाना होने वाली 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस, 29 सितम्बर को एलटीटी से रवाना होने वाली 01001 सांतरागाछी-एलटीटी स्पेशल एक्सप्रेस, 1 अक्टूबर को सांतरागाछी से रवाना होने वाली 01002 सांतरागाछी-एलटीटी स्पेशल एक्सप्रेस, 1 व 13 अक्टूबर को हटिया से रवाना होने वाली 18641 हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस, 2 व 14 अक्टूबर को दुर्ग से रवाना होने वाली 18642 दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस, 9 अक्टूबर को बिलासपुर से रवाना होने वाली 22843 बिलासपुर-बक्सर एक्सप्रेस, 10 अक्टूबर को बक्सर से रवाना होने वाली 22844 बक्सर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 10 अक्टूबर को हटिया से रवाना होने वाली 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस, 12 अक्टूबर को एलटीटी से रवाना होनें वाली 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस, 13 अक्टूबर को हावड़ा से रवाना होने वाली 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस, 14 अक्टूबर को सीएसएमटी से रवाना होने वाली 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस और 1 अक्टूबर को आरा और दुर्ग से रवाना की जाने वाली 13288/13287 आरा-दुर्ग और दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस शामिल रहेगी। वहीं 30 सितम्बर 1, 12 अक्टूबर को पुरी से चलने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग व्हाया कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब के रास्ते योगनगरी ऋषिकेश रवाना किया जाएगा। 13 अक्टूबर को हावड़ा से रवाना होने वाली 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 2 घंटे लेट से रवाना की जाएगी, जिसके कारण बिलासपुर देर रात पहुंचने वाली ट्रेन 15 अक्टूबर की सुबह पहुंचेगी।

छत्तीसगढ़ 19 दिन तक चलेगी डायवर्ट रूट से 26 से

इसी तरह उत्तर मध्य रेलवे झांसी रेल मंडल के वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी और बीना सेक्शन के बीच स्थित आगासोद स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य अगले माह से किया जाएगा। इसमें दूसरे जोन के साथ एसईसीआर की गाड़ियों का भी परिचालन प्रभावित होगा। प्रभावित होने वाली ट्रेनों में 26 सितम्बर से लेकर 14 अक्टूबर तक कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया भोपाल, मक्सी, नागदा, मथुरा मार्ग होकर अमृतसर तक, 8 अक्टूबर को दुर्ग से चलने वाली 12823 दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कटनी, ओहर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मार्ग होकर निजामुद्दीन तक, 7 अक्टूबर को पुरी से रवाना होने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कटनी, ओहन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मार्ग होकर योगनगरी ऋषिकेश तक, 8 अक्टूबर को अक्टूबर से चलने वाली 22407 अंबिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कटनी, ओहन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मार्ग होकर निजामुद्दीन तक, 14 अक्टूबर को विशाखापट्टनम से चलने वाली 12807 विशाखापट्टनम-निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया इटारसी, जबलपुर, ओहन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मार्ग होकर निजामुद्दीन तक चलेगी। इसके अलावा 15 अक्टूबर को निजामुद्दीन से चलने वाली 12808 निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम समता एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 3 घंटे विलंब से और 14 अक्टूबर को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ अपने निर्धारित समय से तीन घंटे लेट रवाना की जाएगी।

बालाजी कंपनी के 35 सौ ग्राहकों को दूसरी एजेंसियों से मिली गैस

आईओसीएल ने बनाई वैकल्पिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- ग्राहकों को नहीं होगी परेशानी
- पंद्रह हजार ग्राहकों को मिलेगा लाभ

बालाजी गैस कंपनी के उपभोक्ताओं ने अब जाकर राहत की सांस ली है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड ने बालाजी गैस कंपनी के 35 सौ से भी अधिक ग्राहकों को न केवल दूसरी कंपनी से गैस सिलेंडर की आपूर्ति करवाई है, बल्कि यह सुविधा उन्हें घर बैठे होम डिलीवरी के जरिए दी जा रही है। कंपनी का कहना है कि इस वैकल्पिक व्यवस्था से इससे जुड़े करीब पंद्रह हजार उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बालाजी गैस कंपनी के उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 3 हजार 500 से अधिक रिफिल बुकिंग को शहर की दूसरी गैस एजेंसीयों में ट्रांसफर कर होम डिलीवरी दी जा रही है, ताकि उन्हें समय पर रिफिल सिलिंडर प्राप्त हो सके। जिन दो गैस कंपनियों को इसकी जिम्मेंदारी दी गई है उनमें साई प्रसाद एवं वर्तिका इण्डेन शामिल हैं। इन दोनों गैस एजेंसियों के द्वारा प्राथमिकता के आधार पर बालाजी गैस कंपनी के उपभोक्ताओं को सिलिंडर प्रदान किये जा रहे हैं। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि

त्यौहारों के इस मौसम में आईओसीएल का प्रयास है कि कार्पोरेशन के सभी इण्डेन उपभोक्ताओं को समय पर रिफिल सिलिंडर प्राप्त हो सके, और इसके लिए नियमित रिफिल आपूर्ति शहर के सभी इंडेन वितरकों को की जा रही हैं । वर्तमान में बिलासपुर शहर में इण्डेन के घरेलू गैस सिलिंडर के स्टॉक में कोई कमी नही है, और सभी उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त संख्या में सिलिंडर की आपूति की जा रही है।

की जा रही है मानिटरिंग

बालाजी गैस एजेंसी में जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन हैं, वे पहले की तरह ही गैस की बुकिंग करें। उपभोक्ताओं को समय सीमा में साईं प्रसाद एवं वर्तिका इंडेन से होम डिलीवरी प्राप्त होती रहेगी। इसके लिए खाद्य विभाग एवं आईओसीएल की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है।

–अमृत कुजूर
खाद्य नियंत्रक

सूने मकान में चोरी के आरोपी सहित 3 खरीददार गिरफ्तार

बिलासपुर। सकरी थाना क्षेत्र के अमेरी में बीते 24 घंटे पहले अमेरी में प्यून के घर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी और चोरी किए गए समानों के खरीददार को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है।

सकरी पुलिस के अनुसार शिक्षा विभाग मुंगेली में पदस्थ व सत्यानगर अमेरी में रहने वाले अक्षय कुमार टांडे 28 वर्ष के घर पर 29 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की थी। प्रार्थी ने सकरी थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चोरों ने घर में छत के रास्ते से दाखिल हुए थे और कमरे व आलमारी का ताला तोड़कर नगदी 12 हजार रूपए, चांदी के चम्मच, कटोरी, गिलास, कम्प्यूटर और एसी की चोरी की थी। प्रार्थी ने पुलिस को बताया था कि वह मुंगेली में पदस्थ है और वह वर्तमान में तिफरा स्थित मकान में रहता है, लेकिन अमेरी स्थित पुराने मकान में उसका आना जाना लगा रहता है। उसने बताया कि 29 अगस्त को ताला लगाकर वह चला गया था और 16 सितंबर को घर की देखभाल के लिए पहुंचा था। इस दौरान उसे चोरी की वारदात का पता चला, रिपोर्ट के बाद पुलिस अज्ञात चोरों को खोज रही थी। विवेचना के दौरान मुखबीर से पुलिस को सूचना मिलने पर संदेही अविनाश खांडे को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। आरोपी ने सूने मकान में चोरी करना स्वीकार किया कर लिया और चोरी का सामान अन्य व्यक्तियों को बेचने की बात कही। जिसपर पुलिस ने मुख्य आरोपी सत्यानगर अमेरी निवासी अविनाश खांडे पिता विशाल खांडे, एरमसाही मस्तुरी निवासी सौरभ बंजारे, पिता रामायण बंजारे, उम्र 26 वर्ष, बजरंग होटल निवासी दीपेश गुप्ता, पिता राम कुमार गुप्ता, नूतन चौक सरकंडा निवासी रितेशधर शर्मा, पिता कृष्णाधर शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

युवकों पर हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। चिंगराजपारा में गुंडागर्दी करते हुए युवकों पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किया गया है। घटना 27 अगस्त की है। जब सूर्या चौक चिंगराजपारा निवासी राकेश राजपूत पिता बद्री प्रसाद राजपूत, उम्र 45 वर्ष ने पुलिस को बताया कि शाम करीब साढ़े 4 बजे उसके बेटे संजय राजपूत के पास फोन आया। जिसमें उसके मामा राजा ठाकुर व लिल्ले और उनके साथियों के साथ कुदरूबाड़ी, शिव मंदिर के पास पुरानी रंजिश को आरोपी आदि, किट्टू, कैलाश सहित अन्य लोगों के द्वारा मारपीट की जा रही है। संजय राजपूत और बीच-बचाव करने गए राजा ठाकुर को गंभीर चोटें आईं। बेटे पर जानलेवा हमला होने के बाद राकेश ने सरकंडा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों से 3 नग स्टीलनुमा लोहे का पाइप और अन्य औजार बरामद किए है। पुलिस ने प्रभात चौक चिंगराजपारा निवासी साहिल केंवट उर्फ दाऊ पिता स्व. ईश्वर केंवट उम्र 18 वर्ष, सूर्या चौक निवासी पंकज पासी उर्फ किट्टू पिता नारायण प्रसाद पासी उम्र 20 वर्ष,साहिल लास्कर पिता राजू लास्कर उम्र 19 को गिरफ्तार कर लिया है।

नशीली दवा सहित गांजा बेचते आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

बिलासपुर। शहर में नशीली दवा व गांजा बेचने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को धरदबोचा है। पुलिस ने उसके पास से एक्सीटामिनोफिन फ्रोक्सी कैप्सूल की 240 नग और 80 ग्राम गांजा बरामद किया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिटी कोतवाली के अंतर्गत शुक्रवार को ज्वाली नाला के पीछे मेडिकल काम्पलेक्स के पास एक व्यक्ति नशीली दवा बेच रहा है। पुलिस ने आरोपी पप्पू खटिक से एक्सीटामिनोफिन फ्रोक्सी कैप्सूल की 240 नग और 80 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। खास बात यह है कि नशीली दवाईयों का व्यापार

करने वाले आरोपियों के खिलाफ एण्ड-टू-एण्ड विवेचना की जा रही है।

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया में आरोपी व डीपी कालेज टीकरापारा निवासी पप्पू खटिक पिता बाबू लाल खटीक उम्र 35 वर्ष का विडियो भी वायरल हो चुका है, जिसमें गांजे की पुड़िया के साथ विडियो में दिखाई दे रहा है। वायरल विडियो के बाद ही आरोपी की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही थी।

सड़कों पर कचरा व सामान रखने वालों पर निगम ने की कार्रवाई

बिलासपुर। स्वच्छ और सुंदर बिलासपुर के संकल्प के साथ नगर निगम द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता सेवा अभियान के तहत शहर के सभी जोन में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक कार्रवाई की जा रही है।

निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर कचरा एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक फैलाने तथा सड़कों पर निर्माण सामग्री रखकर प्रदूषण फैलाने और आवागमन बाधित करने वालों के विरुद्ध निगम की टीमों ने कार्रवाई की है।

नगर निगम की जोन क्रमांक 3 की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 19 में चर्च के सामने सड़क किनारे दो डंपर गिट्टी जब्त किए गए। वहीं जोन क्रमांक 4 में श्रीकांत वर्मा मार्ग के पास सड़क पर रखे 20 नग पाइप जब्त किए गए। जोन क्रमांक 6 में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक रखने एवं उपयोग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 7 लोगों से प्लास्टिक जब्त कर कुल 3100 रुपए का अर्थदंड वसूल किया गया। इसी तरह जोन क्रमांक 8 में भी प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्लास्टिक जब्त किया गया तथा 3 लोगों से कुल 3000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इस प्रकार अभियान के दौरान विभिन्न जोनों में कार्रवाई करते हुए कुल 6100 रुपए का अर्थदंड वसूल किया गया। इसके साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सड़क पर रखी गई सामग्री को जब्त किया गया। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने तथा सड़क अथवा सार्वजनिक मार्ग पर सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

कांग्रेसी नेता पर हमला, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। मार्निंग वॉक पर निकले कांग्रेसी नेता पर जानलेवा हमला कर घायल करने के मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

आरोपी।

मामले के अनुसार 4 जुलाई को मॉर्निंग वॉक पर निकले कांग्रेसी नेता श्याम कश्यप पर हमला कर दिया था। इस दौरान 3 नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें घेर कर डंडे और नुकीले हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया था। श्याम कश्यप के सिर, हाथ और पैर पर गंभीर चोट आई थी। मामले में पुलिस ने विवेचना कर पूर्व में आरोपी नितिन टेकाम, विधि से संघर्षरत बालक तथा आरोपी आंचल साहिल एवं नवीन पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन मुख्य आरोपी दीपक तिवारी फरार हो गया था।तारबाहर पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा लगातार तकनीकी जानकारी आरोपी के संभावित ठिकानों पर निगरानी एवं दबिश दे रही थी, इस दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने नेपाल चला गया था और पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था। लगातार किए गए प्रयासों एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम द्वारा गौरेला निवासी आरोपी दीपक तिवारी पिता सुनील तिवारी उम्र 29 की घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।

खबर संक्षेप

डिप्टी सीएम साव ने दी सौगात नए बिजली जोन की मिली स्वीकृति

लोरमी। विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रयासों से क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था के लिए बड़ी सौगात मिली। लोरमी में नवीन ग्रामीण जोन बनने से क्षेत्र में अब 2 जोन कार्यशील होंगे, लोरमी ग्रामीण एवं लोरमी नगर जिससे ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी, लोरमी ग्रामीण जोन को मिली स्वीकृति, साथ ही दोनों जोन हेतु कर्मचारियों के पदों कि अलग-अलग स्वीकृति मिली है। अरुण साव ने कहा कि विद्युत की व्यवस्था सुव्यवस्थित होने से संचालन में बड़ी भूमिका होगी। इससे शहरी एवं ग्रामीणों को सीधा लाभ होगा। एक जोन से ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्र के लोगो की पुरानी मांग पूर्ण हो रही है,यह सब आप लोगो के आशीर्वाद से सम्भव हो पाया है।भाजपा सरकार गांव गरीब की सरकार है। लोगो ने अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नियमित भुगतान एवं आगामी हड़ताल को लेकर सौंपा ज्ञापन

मुंगेली। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो से नवयुक्त अधिकारी–कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों द्वारा आगामी हड़ताल के संबंध में चर्चा कर संघ के 18 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 सितम्बर को हड़ताल के संबंध में ज्ञापन सौंपने तथा 9 अक्टूबर को 1 दिवस तूता रायपुर में हड़ताल के संबंध में जानकारी दिया गया। सौजन्य मुलाकात कर निकाय के अधिकारियों–कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान कराने हेतु अनुरोध किया गया। जिसमें संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र देवांगन, उप अभियंता नेमीचंद वर्मा, नगर पालिका परिषद मुंगेली के कर्मचारी कोमल भास्कर, सियाराम साहू, प्रतिमा शुक्ला, यतेन्द्र पाण्डेय तथा नगर पंचायत जरहागांव के कर्मचारी यवन कुमार जोशी एवं विकास साहू उपस्थित रहे।

खेत की रखवाली करने गए किसान की करंट से मौत

तखतपुर। मवेशियों से फसल बचाने के लिए खेत की रखवाली करने निकले किसान की करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गंगाराम कोल, ग्राम पेंड्री निवासी, चनाडोंगरी में खेत की चौकीदारी करने गया था। रात करीब 7 बजे वह जिस खेत में फसल की रखवाली कर रहा था, उससे लगे दूसरे किसान के खेत में आवारा मवेशियों को रोकने के लिए लगाए गए विद्युत तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तत्काल कोटवार को जानकारी देकर तखतपुर थाने में सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जिसके बाद परिजनों को सौप दिया और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जितेंद्र का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार राज्य अलंकरण के लिए चयन

पथरिया। शासकीय प्राथमिक शाला गोइंद्रा, विकासखंड पथरिया के प्रधान पाठक जितेंद्र गेंदले का शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में वर्ष 2026 के राज्य अलंकरण 'शिक्षा रत्न' हेतु चयन हुआ है। उनका राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के तत्वाधान में स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2026 के लिए भी चयन हुआ है। 19 सितंबर 2026 को रायगढ़ में स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान एवं शैक्षिक संगोष्ठी में तथा 20 सितंबर 2026 को धमतरी जिले में राज्य अलंकरण 2026 के चयन एवं सम्मान समारोह में वे सम्मानित होंगे।

कलेक्टर तोपने से मिले स्काउट- गाइड्स

मुंगेली। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के सभी पदाधिकारियों ने कलेक्टर अमृत विकास तोपनो से जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भेंट मुलाकात कर स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ की ओर से उनका अभिनंदन किया। विदित हो कि जिला कलेक्टर स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ के पदेन संरक्षक होते हैं। नव पदस्थ कलेक्टर मअभिनंदन करते हुए जिला संघ मुंगेली के सभी पदाधिकारीयों का परिचय कराया गया और जिले में चल रहे स्काउटिंग गतिविधि की जानकारी दी गई। इस अवसर जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेंद्र दिवाकर, जिला सचिव मोनू बेलदार, जिला संगठन आयुक्त तथा ब्लक सचिव मुंगेली जय बहादुर सिंह खांडेकर व ब्लक सचिव पथरिया विवेक केसरवानी सहित स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर अंचल में हुए विविध आयोजन

जिले में 15 स्थानों पर प्रज्वलित किए गए 5 लाख 17 हजार दीये

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा "आशीर्वाद का दीया" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री के प्रति स्नेह, सम्मान और मंगलकामनाओं की सामूहिक अभिव्यक्ति के रूप में जिले के 15 स्थानों पर कुल 5 लाख सतरह हजार सात सौ दीप प्रज्वलित किए गए।

मुंगेली, लोरमी और पथरिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घ एवं मंगलमय जीवन की कामना किया गया। प्रधानमंत्री के सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को स्मरण करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके जन्मदिन पर जलाया गया प्रत्येक दीप उनके प्रति स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक भवन

मुंगेली, जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली, मानस मंच लोरमी, अटल परिसर लोरमी, रामायण चबूतरा मोहभट्टा, राम–जानकी मंदिर सेतगंगा, गांधी मैदान जरहागांव, नगर पालिका मैदान बरेला, मदकूद्वीप, राम मंदिर बोड़तराकला, गुरु घासीदास मंदिर गोंड़खाम्ही सहित जिले के 15 स्थानों पर "आशीर्वाद का दीया" जलाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, समर्पण और देशसेवा के लिए यह दीप जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपना जीवन राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित किया है। उनके जन्मदिन पर "आशीर्वाद का दीया" जलाकर हम सभी उनके स्वस्थ जीवन, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए आशीर्वाद की कामना कर रहे हैं। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि हम ऐसे युगपुरुष का जन्मदिन मना रहे हैं, जिन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में निरंतर परिश्रम और सेवा को प्राथमिकता दी है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, गिरीश शुक्ला, शीलू साहू, शैलेष पाठक, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, सुनील पाठक, मोहन मल्लाह, संजय वर्मा, राणा प्रताप सिंह, रामशरण यादव, शैलेन्द्र तिवारी, डा. आशुतोष पाण्डेय, राज साहू, यश गुप्ता, प्रदीप सिंह, सौरभ बाजपेयी, राकेश साहू, असलम खान, अमितेश आर्य, राजेश्वर ठंडन सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि सतरह हजार सात सौ दीपों की यह रोशनी केवल दीपों का प्रकाश नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति मुंगेली जिले के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के स्नेह, सम्मान, आशीर्वाद और शुभकामनाओं की सामूहिक अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर सभी ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन तथा राष्ट्रसेवा के उनके संकल्प के निरंतर आगे बढ़ने की कामना किया गया।

दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में 5001 दीप प्रज्वलित

तखतपुर। जिला पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत घुटकू में पंचायत भवन, धानमण्डी परिसर एवं घुटकू बाजार पारा में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में 5001 दीप प्राज्वलित कर आशीर्वाद का दिया उत्सव मनाया इस अवसर पर सभी ने मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु,शतायु होने की कामना की गई। जिला पंचायत सभापति भारती माली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सेवा से देश का नाम विश्व पटल पर अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया है।हर क्षेत्र में भारत की डंका बज रहा है। इस अवसर पर निलय तिवारी , योगेश गुप्ता , मोहन पाटले महामंत्री गनियारी मंडल, कृष्णा यादव, तिलक वर्मा जी सरपंच, रवि सोनी जी,जगदीश गुप्ता , मनोज ताम्रकर, शेखर वर्मा , मन्नू धीवर , ललिता वस्त्रकार, विमला, संतोषी सहित अन्य उपस्थित रहे।

ग्राम चितावर में जलाए गए आशीर्वाद के दीये, विधायक धर्मजीत हुए शामिल

तखतपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम चितावर में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। । कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, सुशासन और विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण तथा समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जिला पंचायत सदस्य अम्बिका साहू, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, कृष्ण कुमार साहू, विशाल सिंह, वरूण सिंह, गुलजीत खुराना, सुखदेव सिंगरौल सहित अन्य उपस्थित रहे।

फास्टपुर स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने कला के जरिए दिया सेवा का संदेश

सेतगंगा/मुंगेली। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं कलात्मक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ पूर्णिमा मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न विषयों पर अपनी कल्पनाशीलता एवं सृजनात्मक प्रतिभा को चित्रें के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं बैंकिंग की कुं शिवरानी ने प्रथम स्थान, कक्षा 12वीं की खुशबू ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 9वीं बैंकिंग की कुं. आसमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामबाबू मिश्र एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

ग्राम खजूरी के स्कूल में विद्यार्थियों के लिए न्यौता भोज

तखतपुर। देश के प्रधानमंत्री एवं सनातन आस्था के प्रति समर्पित प्रधान सेवक श्री मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हिंदू समाज की सेवा में समर्पित कार्यकर्ता बंधुओं द्वारा ग्राम खजूरी स्थित शासकीय विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए भव्य न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम मोतीलाल यादव एवं उनकी टीम के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम खजूरी के शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षक, कार्यकर्ता बंधुओं एवं ग्रामवासियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों के साथ बैठकर न्यौता भोज करने का उद्देश्य सेवा, सामाजिक समरसता और आपसी अपनत्व का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम खजूरी के विद्यार्थियों के बीच सेवा, संस्कार, शिक्षा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

भाजपा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं ने मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

कोदवाबानी/मुंगेली। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष राष्ट्र और जन सेवा को समर्पित किए हं उनके जन्मदिवस के परिपेक्ष में 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा संकल्प अ भि या न आयोजित किया गया। भाजपा मुंगेली ग्रामीण मंडल में हर घर में शक्ति केंद्र बूथ भव्य रूप से मोदी का जन्मदिन मनाया एवं प्रधानमंत्री आवास वाले हितग्राही बहुत खुश होकर मोदी को बहुत–बहुत बधाई दी। विश्वकर्मा स्वच्छता अभियान मिडिल स्कूल चारभाटा पूजा भी किया गया। ग्राम मदनपुर में मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, डॉ आरए श्रीवास, श्रीमती कावेरी, शारदा, आशा, सुरेश, अशोक, प्रदीप चंद्र कुमार, ध्र ु व , कमलनारायण निर्मलकर, हीरा ठाकुर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

भटगांव स्कूल में दीये जलाकर दी पीएम मोदी को बधाई

मुंगेली। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला भटगांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत आशीर्वाद का 76 दिया जलाकर उनकी दीर्घायु जीवन की कामना की एवं जन्मदिन पर आशीर्वाद दिया गया। स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के निर्देशनुसार 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान मनाया जाना है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्कूल स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में सेवा संकल्प अभियान के प्रथम दिवस पर आशीर्वाद का दिया जलाया गया। इस अवसर पर एसएमसी के सदस्य स्कूली बच्चे शिक्षकगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

दीप प्रज्वलन के साथ वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान

लालपुर। हरनाचाका सरपंच नारायण सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में संकल्प सेवा अभियान के शुभारंभ अवसर पर गांव में भव्य दीप प्रज्वलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठजनों का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। दीपों की रोशनी से कार्यक्रम स्थल जगमगा उठा और उपस्थित लोगों ने सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। आयोजन में भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि समाज और संगठन को मजबूती प्रदान करने में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और वर्षों की सक्रियता नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विनय साहू, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष महाजन जैसवाल, जिला मंत्री प्रदीप मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष धनी राम यादव, देवरहट भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष पंकज सिंह, करन सिंह, ललित सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेता मनी सिंह सहित भक्ति सिंह, धन सिंह, विश्राम सिंह, संतोष सिंह खत्री, भरत सिंह, पुरन सिंह, कृष्णा सिंह एवं बलाराम सिंह उपस्थित रहे।

डिडिनेश्वरी धाम में जले 11 हजार दीप, राष्ट्रहित का दिया संदेश



मल्हार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक सेवा के 25 बरस पूर्ण होने पर गुरुवार को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ कृष्णमूर्ति बाँधी, जिला महामंत्री एस कुमार मनहर शामिल हुए। डिंडिनेश्वरी मंदिर परिसर में हुई जहां हजारों दीप प्रजवलित किए गए जिससे पूरा परिसर जगमग हो उठा इसी तरह पातालेश्वर महादेव मंदिर सहित सभी प्रमुख स्थलों में दीप जलाये गए। डिडेनेश्वरी धाम में सेवा संकल्प के पावन अवसर पर 11 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। असंख्य दीपों की स्वर्णिम आभा से समूचा धाम आलोकित हो उठा और वातावरण भक्ति, श्रद्धा तथा दिव्यता से भर गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे, संतोष मिश्रा, कमलेश सिंह, एल्डरमैन रामनारायण कश्यप, धर्मेन्द्र सिंह, रवि कैवर्त, मिथुन यादव, आशुतोष वर्मा, रमेश यादव, धनेश्वर कैवर्त, राजकुमार वर्मा सहित में अन्य शामिल हुए।

सेवा संकल्प अभियान के तहत पथरिया में जगमगाए सैकड़ों दीप

पथरिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर सहित विकासखंड क्षेत्र में विभिन्न आयोजन किए गए। इसी क्रम में नगर के कन्या शाला एवं इग्नाइट इंग्लिश मीडियम विद्यालय परिसर में विकास खण्ड स्तरीय विशेष दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मुख्य रूप वरिष्ठ भाजपा नेता निश्चल गुप्ता, जनपद सदस्य रिंकू सिंह ठाकुर, सभापति इंद्रजीत यादव, भाजपा महामंत्री बलराम जायसवाल, विधयाक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, एल्डरमेन गंगा राम साहू, बीईओ प्रतिभा मण्डलोई एबीईओ रविपाल राठौर एवं नगर के जनप्रतिनिधियों स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर सैकड़ों दीप जलाए। दीप प्रज्ज्वलन के दौरान लोगों में उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन मे नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, जसपाल सिंह छाबड़ा, निशचल गुप्ता, रिंकू सिंह ठाकुर, देवेंद्र डनसेना, एल्डर मेंन उमेश यादव उपस्थित रहे।

11 हजार दीप जलाकर की पीएम के स्वस्थ्य जीवन की कामना

पेण्ड्रा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पेण्ड्रा नगर पालिका परिसर में 'आशीर्वाद का दीप' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के दीर्घायु, स्वस्थ्य एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए 11 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। हजारों दीपों की रोशनी से नगर पालिका परिसर जगमगा उठा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की निरंतर प्रगति एवं जनकल्याण की कामना की। दीप प्रज्वलन के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, पार्षद अरुणा जायसवाल, मनीष श्रीवास, एल्डरमेन अरुण तिवारी, राम बहादुर, दुर्गी कोल, डॉ. प्रवीण राय, भूधर सोनी, नगर पालिका इंजीनियर सुरेंद्र श्रीवास, सागर नामदेव, सोनू सोनी, सरवन यादव एवं उत्तम जैतवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर जलाए दिए

बेलतरा। ग्राम पंचायत बेलतरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सचिवालय में दीप प्रज्वलीत कर केक काटे कार्यक्रम में पूरी ग्राम पंचायत सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा संकल्प रहा। कार्यक्रम में सुरेश कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत बेलतरा, पदुम सिंह कोरम सचिव, पंच गण एवं ग्रामवासी में कृष्ण कुमार यादव, लक्ष्मी जायसवाल, तोषण कश्यप, अशोक कश्यप, बुधराम सूर्यवंशी अश्वनी जायसवाल, रामपुरी ताम्रकार, रामाधार श्रीवास, नंद कुमार कश्यप, परवेज आलम, संदीप, राजकुमार एवं अनूप कौशिक उपस्थित रहे।

युवाओं ने मानवीय संवेदना की भावना को बढ़ाया आगे

शिविर में 76 यूनिट रक्तदान, शामिल हुए डिप्टी सीएम

मुंगेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत "सेवा में मेरा योगदान" कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए 76 यूनिट रक्तदान किया।

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश साहू एवं उनकी टीम के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर "76

मिनट रक्तदान सेवा का संकल्प" के माध्यम से युवाओं ने जरूरतमंद मरीजों के जीवन में सहयोग करने और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। रक्तदान शिविर के माध्यम से युवाओं ने सेवा और मानवीय संवेदना की भावना को आगे बढ़ाया। रक्तदाताओं ने कहा कि रक्तदान ऐसा सामाजिक कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन बचाने में महत्वपूर्ण सहायता मिल सकती है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला प्रभारी ज्योतिषनंद दुबे, लखनलाल साहू, जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिपं अध्यक्ष श्रीकान्त पाण्डेय, देवचरण भास्कर, जिपं सदस्य अंबालिका साहू, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जयप्रकाश मिश्रा, गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, सुनील पाठक, रामशरण यादव, मिट्ठूलाल यादव आदि मौजूद थे।